दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K K RNI No.61546/95

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-32 अंक-176 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) गुरूवार 20 अगस्त 2026 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

## CNG पंप पर ट्रक में जोरदार ब्लास्ट, 3 लोगों की मौत, कई घायल, मची अफरातफरी

नई दिल्ली(ए.)। दिल्ली में ट्रक के सीएनजी सिलेंडर में हुए विस्फोट में मृतकों की संख्या बढ़कर तीन हो गई है। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि एक अन्य घायल व्यक्ति ने दम तोड़ दिया। मृतकों में सभी लोग फ्यूल स्टेशन के कर्मचारी बताए गए हैं। अधिकारियों के अनुसार, बाहरी दिल्ली के टिकरी कलां मेट्रो स्टेशन के पास स्थित एक फ्यूल स्टेशन पर बुधवार को ट्रक में सीएनजी भरने के दौरान उसका सिलेंडर फट गया। दिल्ली पुलिस ने बताया कि इस हादसे में छह लोग घायल हुए। मृतकों में एक की पहचान 25 वर्षीय मनीष के रूप में हुई है, जो पश्चिमी दिल्ली के बाबा हरिदास कॉलोनी का रहने वाला था। दूसरे मृतक की पहचान 32 वर्षीय सनी निजामपुर के रूप में हुई है। तीसरे मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। हालांकि, पुलिस ने पुष्टि की है कि तीनों मृतक सीएनजी पंप के कर्मचारी थे। अधिकारियों के अनुसार, हादसे के समय ट्रक के सीएनजी सिलेंडर में गैस भरा जा रहा था। आशंका जताई गई है कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। दिल्ली फायर सर्विस



(डीएफएस) के अनुसार, घायल छह लोगों को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया गया। अधिकारियों ने बताया कि विस्फोट के समय वे आसपास खड़े थे और इसकी चपेट में आने से घायल हो गए। डीएफएस ने बताया कि उन्हें विस्फोट की सूचना मिली थी, जिसके बाद दमकल की छह गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया।

विस्फोट की जानकारी मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की बड़ी टीमें मौके पर पहुंच गईं। इसके बाद घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया।अधिकारियों के अनुसार, विस्फोट के सही कारण का अभी तक पता नहीं चल पाया है। फायर सर्विस के एक अधिकारी ने कहा, विस्फोट किन कारणों से हुआ, इसकी जांच की जा रही है।

अधिकारियों ने बताया कि धमाके के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। इसके बाद दमकल कर्मियों ने मौके पर सभी आवश्यक एहतियाती कदम उठाए। जांच जारी रहने तक लोगों से क्षेत्र से दूर रहने की अपील की गई है। अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है।



*राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली में राष्ट्रपति भवन में पूर्व राष्ट्रपति शंकर दयाल शर्मा की जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की।*

## उज्जैनः मंगलनाथ मंदिर के गर्भगृह में गुरुवार को स्थापित होगी 20 किलो चांदी की जलधारी



उज्जैन, (ए.)। मध्य प्रदेश के उज्जैन में मंगलनाथ मंदिर के गर्भगृह में गुरुवार, 20 अगस्त को 20 किलो चांदी की जलधारी स्थापित की जाएगी। यह जलधारी हैदराबाद निवासी अमर ओहरी एवं सोनल ओहरी द्वारा दान की गई चांदी से तैयार करवाई गई है।

मंगलनाथ मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक के.के. पाठक ने बुधवार को बताया कि जलधारी स्थापना के लिए अनुविभागीय अधिकारी एवं अध्यक्ष, मंगलनाथ मंदिर प्रबंध समिति द्वारा अनुमति प्रदान की गई है। जलधारी स्थापना का कार्य 20 अगस्त को किया जाएगा। इस दौरान सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक गर्भगृह में श्रद्धालुओं का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। मंदिर प्रबंधन ने श्रद्धालुओं से निर्धारित समय में गर्भगृह में प्रवेश न करने का अनुरोध किया है।



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह से मुलाकात की।

**मैहर से मिली लाड़ली बहनों को नैहर की नेग**

## बहनों का सम्मान और आर्थिक सशक्तिकरण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सवा करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों के खातों में अंतरित किए 2148.30 करोड़ रुपए बहनों को राखी से पहले मिला 1750 रु. का उपहार

भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बहन-बेटियां हमारे घर-आंगन की रौनक हैं। बहन-बेटियों का मान-सम्मान और इनका आर्थिक सशक्तिकरण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन तो साल में एक बार आता है, लेकिन हमारी सरकार हर महीने बहनों से उनकी रक्षा का वादा पूरा कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी लाड़ली बहनों को हर महीने सौगात मिल रही है। उन्होंने कहा कि शारदा मां के आशीर्वाद से मैहर अद्भुत स्थान है। बुंदेलखंड की वीरता के प्रतीक आल्हा-ऊदल मां शारदा के अनन्य भक्त हैं। हमारी भारतीय संस्कृति में उदारता और रिश्तों का सम्मान करने की परम्परा है। हम भारतीय परंपरा वसुधैव कुटुम्बकम अनुसार पूरे विश्व को अपना परिवार मानते हैं। हमने आज ही मैहर से प्रदेश की सभी लाड़ली बहनों को नैहर की नेग (राज्य सरकार का उपहार) दिया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को मैहर में हुए राज्यस्तरीय लाड़ली बहना सम्मेलन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मैहर में मां शारदा भवानी के दर्शन किए। इसके बाद इसी




जिले की प्रतिभावान हॉकी खिलाड़ी सुश्री अनन्या अवधिया और सुश्री उन्नति पांडे के साथ प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख 13 हजार से अधिक लाड़ली बहनों के खातों में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की 39वीं किश्त और रक्षाबंधन के विशेष शगुन के 250 रुपए (कुल 1750 रुपए) के रूप में 2 हजार 148 करोड़ रुपए सिंगल क्लिक से बैंक खातों में अंतरित किये। जून 2023 में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की शुरुआत से अगस्त 2026 तक 39 किश्तों में लाड़ली बहनों के खातों में 63 हज़ार 248 करोड़ रुपये की राशि अंतरित की जा चुकी है। चालू वित्त वर्ष 2026-27 में योजना के लिए 23,882.81 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान रखा गया है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के कार्यकाल में भारतीय सेना बहनों के मान-सम्मान की रक्षा के लिए सशक्त बनी है। रक्षाबंधन का धागा भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक है। राज्य सरकार बहनों के सम्मान से कभी समझौता नहीं करती है। लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत हर माह बहनों का राशि भेजी जा रही है। प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख लाड़ली बहनों का आशीर्वाद सरकार को मिल रहा है। हर साल रक्षाबंधन से पहले बहनों को 250 रुपए का शगुन भी भेजा जा रहा है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मैहर जिले में लगभग 256 करोड़ रुपए से अधिक की लागत के 25 विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मैहर में उस्ताद अलाउद्दीन खां स्टेडियम में आयोजित राज्य स्तरीय लाड़ली बहना सम्मेलन का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जिले की विकास गतिविधियों और कार्यक्रमों तथा योजनाओं की उपलब्धि पर लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

## न्यू मार्केट होटल अग्निकांड में मारे गए नौ लोगों में पांच बांग्लादेशी नागरिक

कोलकाता,(आरएनएस)। कोलकाता के धर्मतला इलाके में मिर्जा गालिब स्ट्रीट स्थित होटल में मंगलवार रात लगी आग में मारे गए नौ लोगों में पांच बांग्लादेशी नागरिकों के होने की जानकारी सामने आई है। कोलकाता स्थित बांग्लादेश उप उच्चायोग के उप उच्चायुक्त मोहम्मद खालिद ने इसकी पुष्टि की है। हालांकि, कोलकाता पुलिस की ओर से इस संबंध में फिलहाल कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। रिपोर्ट के अनुसार, मृत पांच बांग्लादेशी नागरिकों में चार कुष्टिया और एक ढाका के सावर इलाके का रहने वाला था। मृतकों की पहचान कुष्टिया निवासी देवाशीष दत्त, शर्णशिष दत्त, अफसाना शिम्मिन, मोहम्मद अकरम अली और ढाका के सावर निवासी अहमद बाबू के रूप में हुई है।




## सुप्रीम कोर्ट का बड़ा आदेश- बच्चों को संपत्ति से बेदखल कर सकते हैं माता-पिता

नई दिल्ली(ए)। सीनियर सिटीजन्स को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने साफ कहा है कि वह अपने बच्चों को संपत्ति से बेदखल कर सकते हैं। कोर्ट ने कहा कि बढ़ती उम्र का मतलब असुरक्षा या अपमान नहीं होना चाहिए। हर व्यक्ति को जीवनभर गरिमा के साथ जीने का अधिकार है।सुप्रीम कोर्ट ने बुजुर्गों के अधिकारों और सम्मान को लेकर अहम फैसला सुनाते हुए स्पष्ट किया है कि माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों की भरण-पोषण व सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जरूरत पड़ने पर ट्रिब्यूनल उनके बच्चों और बहू-बेटे को संपत्ति से बेदखल करने का आदेश दे सकता है।जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की पीठ ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों को गरिमा, सम्मान और सुरक्षा के साथ जीवन जीने का अधिकार है। अदालत ने कहा कि किसी सभ्य समाज की पहचान इस बात से होती है कि वह अपने बुजुर्गों के साथ कितना सम्मानजनक व्यवहार करता है।



**इलाहाबाद हाईकोर्ट का फैसला पलटा**

सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस फैसले को खारिज कर दिया, जिसमें बुजुर्ग माता-पिता की संपत्ति से बेटे और बहू को बेदखल करने के ट्रिब्यूनल के आदेश को रद्द कर दिया गया था। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि माता-पिता के भरण-पोषण और सुरक्षा के लिए संपत्ति से बच्चों को हटाना भी आवश्यक कानूनी कदम हो सकता है।मामला लखनऊ के विकास नगर निवासी रवि कांत गुप्ता से जुड़ा था। गुप्ता ने 5 जून 2022 को अपनी स्वयं खरीदी हुई संपत्ति से बेटे को बेदखल करने के लिए जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष आवेदन किया था। मामले में यह भी सामने आया कि उनकी 81 वर्षीय मां को घर छोड़कर वृद्धाश्रम में रहने के लिए मजबूर होना पड़ाएसडीएम ने 15 नवंबर 2022 को बेटे की बेदखली का आदेश दिया।

## 15 साल पुराने 2.70 करोड़ के फर्नीचर खरीदी घोटाले में दो गिरफ्तार

***तत्कालीन जिला परियोजना समन्वयक और फर्म संचालक पर 67.15 लाख रुपये की शासकीय राशि के दुरुपयोग का आरोप, न्यायालय ने जेल भेजा***

अंबिकापुर, (आरएनएस)। वर्ष 2010-11 में राजीव गांधी शिक्षा मिशन, सर्व शिक्षा अभियान के तहत पूर्व माध्यमिक शालाओं के लिए फर्नीचर खरीदी में हुई कथित अनियमितता के करीब 15 वर्ष पुराने मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। लगभग 2.70 करोड़ रुपये की फर्नीचर खरीदी से जुड़े इस प्रकरण में शासन को 67 लाख 15 हजार 814 रुपये की आर्थिक क्षति पहुंचाने के आरोप में तत्कालीन जिला परियोजना समन्वयक सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।गिरफ्तार आरोपियों में तत्कालीन जिला परियोजना समन्वयक, राजीव गांधी शिक्षा मिशन, अंबिकापुर सत्यप्रकाश पाण्डेय (एस.पी. पाण्डेय) तथा संजय पटेल, संचालक मेसर्स दर्शन फेब्रिकेशन एवं आकृति प्रिंटिंग प्रेस, चोपड़ापारा, अंबिकापुर शामिल हैं। दोनों आरोपियों को 19 अगस्त को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।पुलिस के अनुसार वर्ष 2010-11 में अविभाजित सरगुजा जिले के अंतर्गत सूरजपुर तथा बलरामपुर-रामानुजगंज क्षेत्र की पूर्व माध्यमिक शालाओं में फर्नीचर खरीदी के लिए राजीव गांधी शिक्षा मिशन, सर्व शिक्षा अभियान, अंबिकापुर कार्यालय को करीब 2.70 करोड़ रुपये का आवंटन प्राप्त हुआ था।

## TMC सांसद महुआ मोइत्रा की मुश्किलें बढ़ीं, समन के बाद भी अदालत में पेश न होने पर गिरफ्तारी वारंट जारी



नदियाी (ए)। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद महुआ मोइत्रा के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है। एक शिकायत मामले में कृष्णानगर की तृतीय न्यायिक मजिस्ट्रेट अदालत ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। नदिया जिला पुलिस अधीक्षक अतुल वी. ने इस बात की पुष्टि की है कि महुआ मोइत्रा के खिलाफ वारंट जारी किया गया है।

पुलिस अधीक्षक के अनुसार, यह मामला भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 227 के तहत दायर शिकायत मामले से जुड़ा है। अदालत ने शिकायत की सुनवाई के दौरान महुआ मोइत्रा को कई बार समन जारी किया था। हालांकि, निर्धारित प्रक्रिया के तहत समन के बाद भी अदालत में उपस्थिति नहीं होने पर अब न्यायालय ने उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का आदेश दिया है। पुलिस के अनुसार, शिकायत मामले में महुआ मोइत्रा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की कई धाराएं लगाई गई हैं, जिसमें धारा 79: महिला की मर्यादा का अपमान करना, धारा 196: विभिन्न समूहों के बीच वैमनस्य को बढ़ावा देना, धारा 299: धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के उद्देश्य से किए गए जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण कृत्य, धारा 351: आपराधिक धमकी, धारा 353(2): सार्वजनिक अशांति फैलाने या लोक व्यवस्था प्रभावित करने वाले बयान देना अथवा उनका प्रसार करना शामिल हैं।







# मां शारदा लोक निर्माण से मैहर में धार्मिक तीर्थाटन में वृद्धि होगी और स्थानीय लोगों के लिए रोजगारों का सृजन होगा : मुख्यमंत्री डॉ यादव

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विश्वप्रसिद्ध मां शारदा माता मंदिर में पूजन-अर्चन किया



भोपाल, (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मैहर स्थित विश्वप्रसिद्ध मां शारदा माता मंदिर पहुंचकर विधि-विधानपूर्वक मां शारदा का पूजन-अर्चन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मां शारदा के दर्शन कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं कल्याण की कामना की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का पूजन के बाद मंदिर प्रबंधन एवं जिला प्रशासन द्वारा मां शारदा का चित्र भेट कर सम्मान किया गया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं का अवलोकन भी किया। उन्होंने श्रद्धालुओं की सुविधा, दर्शन व्यवस्था एवं मंदिर परिसर में उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मां शारदा की पावन नगरी मैहर देश-प्रदेश के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। मां शारदा का आशीर्वाद प्रदेशवासियों पर सदैव बना रहे और मध्यप्रदेश निरंतर प्रगति एवं विकास के पथ पर आगे बढ़े, यहीं प्रार्थना है। माँ शारदा लोक के निर्माण से मैहर में धार्मिक तीर्थाटन में वृद्धि होगी,जिससे जिले में स्थानीय लोगों के लिए रोजगारों का सृजन होगा और अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री श्रीमती राधा सिंह, राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, सांसद गणेश सिंह, विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, विधायक विक्रम सिंह जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# टाइम ऑफ डे टैरिफ के तहत 9 लाख से अधिक स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को मिली 109 करोड़ की छूट



भोपाल, (आरएनएस.)। मध्य प्रदेश में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यक्षेत्र के जिलों के स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को टाइम ऑफ डे (टीओडी) टैरिफ व्यवस्था के तहत सोलर आवर्स (सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक) में बिजली की खपत पर 20 प्रतिशत तक की विशेष छूट का लाभ दिया जा रहा है।

कंपनी द्वारा बुधवार को जानकारी दी गई कि इसी के तहत जुलाई-2026 में कंपनी कार्यक्षेत्र के कुल 9 लाख 26 हजार 737 स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को उनके बिजली बिलों में कुल 10 करोड़ 96 लाख 42 हजार रुपये की टाइम ऑफ डे छूट का सीधा लाभ मिला। इनमें भोपाल रीजन के 7 लाख 59 हजार 792 उपभोक्ताओं को 839.90 लाख रुपये तथा ग्वालियर रीजन के 1 लाख 66 हजार 945 उपभोक्ताओं को 256.53 लाख रुपये की छूट प्रदान की गई।

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक ऋषि गर्ग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे आधुनिक तकनीक का लाभ उठाते हुए अपने परिसरों में स्मार्ट मीटर लगवाएं। स्मार्ट मीटर न केवल ऊर्जा प्रबंधन को बेहतर बनाते हैं, बल्कि उपभोक्ताओं को अपनी बिजली खपत पर नियंत्रण रखने और आर्थिक बचत करने का अवसर भी प्रदान करते हैं। टाइम ऑफ डे टैरिफ के तहत स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को सोलर आवर्स (सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक) बिजली उपयोग करने पर ऊर्जा प्रभार की सामान्य दर में 10 किलोवाट तक स्वीकृत लोड/अनुबंध मांग वाले उपभोक्ताओं को 20 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है।

स्मार्ट मीटर से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए उपभोक्ता 1912 पर संपर्क कर सकते हैं अथवा कैलाश कुमार चौधरी, प्रबंधक (स्मार्ट मीटरिंग सेल) से संपर्क कर सकते हैं। साथ ही Smartmeteringcellbhopal@gmail.com पर ई-मेल के माध्यम से भी जानकारी प्राप्त की जा सकती है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक ऋषि गर्ग ने बताया कि उपभोक्ता सेवाओं को और अधिक सुदृढ़, सुगम एवं प्रभावी बनाने की दिशा में कई महत्वपूर्ण पहल की गई हैं। उपभोक्ताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कॉल सेंटर सेवाओं का विस्तार किया गया

# भोपाल दुग्ध संघ ने शुरू किए 12 नए मिल्क टैंकर, चलित दुग्ध परीक्षण प्रयोगशाला और 2 इलेक्ट्रिक वाहन

## एनडीडीबी अध्यक्ष डॉ. शाह ने झंडी दिखाकर किया शुभारंभ, सांची स्मार्ट पार्लर का भी उद्घाटन



भोपाल, (आरएनएस)। सांची ब्रांड की गुणवत्ता, सुरक्षित दुग्ध परिवहन और उपभोक्ता सेवाओं को और मजबूत करने की दिशा में भोपाल सहकारी दुग्ध संघ ने बुधवार को 12 नए मिल्क टैंकर, एक चलित दुग्ध परीक्षण प्रयोगशाला और दुग्ध उत्पाद वितरण के लिए दो इलेक्ट्रिक वाहनों का संचालन शुरू किया। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के अध्यक्ष डॉ. मीनेश शाह ने एमपीसीडीएफ के निवर्तमान प्रबंध संचालक डॉ. संजय गोवानी की उपस्थिति में इन वाहनों को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर भोपाल दुग्ध संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रितेश जोशी सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान भोपाल डेयरी परिसर के फैक्ट्री गेट पर नवनिर्मित सांची स्मार्ट पार्लर का भी उद्घाटन किया गया। स्मार्ट पार्लर के माध्यम से उपभोक्ताओं को सांची के गुणवत्तायुक्त एवं सुरक्षित दूध तथा विभिन्न दुग्ध उत्पाद सहजता से उपलब्ध होंगे।एनडीडीबी अध्यक्ष डॉ. मीनेश शाह ने कहा कि आधुनिक परिवहन, वैज्ञानिक गुणवत्ता परीक्षण और पर्यावरण अनुकूल वितरण व्यवस्था डेयरी क्षेत्र को अधिक सक्षम और उपभोक्ता केंद्रित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। भोपाल दुग्ध संघ में शुरू की गई ये सुविधाएं दूध की गुणवत्ता एवं सुरक्षित परिवहन को मजबूत करने के साथ उपभोक्ताओं तक सांची उत्पादों की बेहतर पहुंच सुनिश्चित करेंगी। दुग्ध सहकारिता की मजबूती के लिए आधुनिक तकनीक के साथ पशुपालकों और उपभोक्ताओं, दोनों के हितों को केंद्र में रखना आवश्यक है। भोपाल दुग्ध संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रितेश जोशी ने कहा कि भोपाल दुग्ध संघ के दूध संकलन में पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 38 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। बढ़े हुए दूध संकलन को कम से कम समय में सुरक्षित तरीके से दुग्ध संयंत्र तक पहुंचाने में नए मिल्क टैंकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि चलित दुग्ध परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से दूध का दूध, पानी का पानी कार्यक्रम को आगे भी निरंतर संचालित किया जाता रहेगा।

# मध्यप्रदेश में जीसीसी और स्पेसटेक इकोसिस्टम को मिलेगा विस्तार

## बेंगलुरु में उद्योग आउटरीच कार्यक्रम में निवेश और साझेदारी के अवसरों पर हुई चर्चा

भोपाल,(निप्र.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत @ 2047 के विजन और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा बेंगलुरु में एक दिवसीय उच्चस्तरीय उद्योग आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विकसित मध्यप्रदेश के संकल्प के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में राज्य प्रतिनिधिमंडल ने ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (GCC) के प्रमुखों, टेक्नोलॉजी इनेबलर्स और स्पेसटेक इकोसिस्टम से जुड़े विशेषज्ञों से सीधा संवाद किया। इसका उद्देश्य ज्ञान-आधारित और प्रौद्योगिकी-संचालित निवेश को आकर्षित कर मध्यप्रदेश को देश का अगला आईटी व स्पेसटेक हब बनाना है। कार्यक्रम की शुरुआत प्रतिनिधिमंडल द्वारा वैश्विक जीसीसी संचालक संस्था एएनएसआर (ANSR) के बेंगलुरु स्थित परिसर के भ्रमण से हुई। इस दौरान 90 दिनों में जीसीसी मॉडल पर गहन चर्चा की गई, जिसके तहत सिंगल विंडो क्लीयरेंस के जरिए वैधानिक पंजीकरण, लीज और प्रतिभा चयन की प्रक्रियाएं त्वरित रूप से पूर्ण की जाती हैं। चर्चा के फलस्वरूप एएनएसआर ने इंदौर में अपनी नई सुविधा स्थापित करने का निर्णय लिया है और शीघ्र ही इसका आधिकारिक प्रस्ताव जमा करेगी। कंपनी अंतरिम रूप से किराए के परिसर से अपना परिचालन शीघ्र ही शुरू

# भोपाल में आयोजित होगी भव्य 'आर्मी डे परेड-2027'



भोपाल, (आरएनएस)। राजधानी भोपाल में 15 जनवरी, 2027 को भव्य 'आर्मी डे परेड-2027' आयोजित की जाएगी। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय आयोजन की पूर्व तैयारियों और अंतर-विभागीय समन्वय के संबंध में बुधवार को कलेक्टर प्रियंक मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में भारतीय सेना के कर्नल सुब्रत मिश्रा, कर्नल सनी जुनेजा, अपर कलेक्टर महेंद्र कवचे सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि मध्यप्रदेश और राजधानी भोपाल के लिए आर्मी डे परेड की मेजबानी करना अत्यंत गौरव का अवसर है। यह आयोजन 'आपकी सेना आपके पास' की अवधारणा को साकार करने के साथ ही सैन्य और नागरिक तंत्र के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आयोजन की गरिमा के अनुरूप सभी आवश्यक व्यवस्थाएं निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार समय-सीमा में पूर्ण की जाएं।।लीबाड़ी मार्ग पर होगी मुख्य परेडकर्नल सुब्रत मिश्रा ने आयोजन की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि मुख्य 'आर्मी डे परेड' भेल स्थित कालीबाड़ी मार्ग पर आयोजित होगी। टीटी नगर स्टेडियम में देशभक्ति से ओत-प्रोत भव्य 'शौर्य संध्या' का आयोजन किया जाएगा। जंबूरी मैदान में भारतीय सेना के अत्याधुनिक सैन्य उपकरणों का 'स्टेटिक एवं डायनेमिक डिस्प्ले' प्रदर्शित होगा।

# भोपाल में अतिक्रमण के खिलाफ निगम की कार्रवाई जारी, ठेले-गुमठी और पान पार्लर हटाए



भोपाल, (ए.)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में नगर निगम ने अतिक्रमण और अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने बुधवार को शहर के विभिन्न इलाकों में अभियान चलाकर बड़ी संख्या में ठेले, गुमठी, पान पार्लर, काउंटर, बोर्ड, टेबल-कुर्सी सहित अन्य अस्थाई अतिक्रमण हटाए। कार्रवाई सीएम हेल्पलाइन, कॉल सेंटर और अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के निराकरण के साथ निगम की नियमित कार्रवाई के तहत की गई। निगम आयुक्त संस्कृति जैन के निर्देश पर अतिक्रमण निरोधक दलों ने बावड़िया कलां चौराहा, आकृति नहर, होशंगाबाद रोड, जवाहर चौक, सरस्वती नगर, नेहरू नगर, भदभदा चौराहा, न्यू मार्केट मल्टीलेवल पार्किंग, अपेक्स बैंक, रोशनपुरा चौराहा, रेतघाट, रविंद्र भवन, जहांगीराबाद, शब्बन चौराहा, बोगदापुल, बरखेड़ी, हमीदिया रोड, रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर-6, भोपाल टॉकीज और डीआईजी बंगला सहित विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई की।

### अवैध चाय-नाश्ते का टपरा तोड़ा

आकृति नहर-बावड़िया कलां क्षेत्र में निगम अमले ने सड़क किनारे अवैध रूप से बनाए गए एक अस्थाई चाय-नाश्ते के टपरे को तोड़ दिया। वहीं बरखेड़ी और बोगदापुल क्षेत्र में नालियों के ऊपर अवैध रूप से रखी गई फर्शियों को हटाया गया।

इसके अलावा दुकानों के बाहर सड़क और फुटपाथ पर रखा सामान भी हटवाया गया। निगम अमले ने सार्वजनिक स्थानों पर लगी सब्जी, फल, कपड़े और खिलौनों की दुकानों के साथ ही बड़ी संख्या में ठेले, गुमठी, पान पार्लर और काउंटर हटाए।

### सड़क और फुटपाथ अतिक्रमण मुक्त कराने पर जोर

कार्रवाई के दौरान दुकानों के बाहर रखे बोर्ड, स्टूल, टेबल, कुर्सी और अन्य सामान को भी हटवाया गया। निगम अधिकारियों के अनुसार सड़क, फुटपाथ और नालियों पर अतिक्रमण होने से आम लोगों के आवागमन और यातायात में परेशानी होती है। इसी को देखते हुए शिकायतों के आधार पर संबंधित क्षेत्रों में लगातार कार्रवाई की जा रही है।

नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक स्थानों पर अवैध रूप से कब्जा करने और यातायात व नागरिक सुविधाओं में बाधा उत्पन्न करने वाले अतिक्रमणों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# मानसूनी बारिश के साथ और अधिक निखर उठा बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व का प्राकृतिक सौंदर्य

भोपाल,(निप्र.)। मध्य प्रदेश के उमरिया जिले के प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व का प्राकृतिक सौंदर्य मानसूनी बारिश के साथ और अधिक निखर उठा है। हरे-भरे जंगल, कल-कल करते झरने जल संरचनाओं में बढ़ा हुआ जल स्तर और खुशनुमा मौसम का आनंद लेने सक्रिय हुए वन्यजीवों की बढ़ी हुई आवाजाही ने पर्यटकों के आकर्षण में कई गुनी बढ़ोतरी कर दी है। मानसूनकाल में बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व का कोर क्षेत्र पर्यटन के लिए बंद है, लेकिन पर्यटकों के लिये बफर जोन का हराभरा सौंदर्य भी सफारी का खुला आमंत्रण सिद्ध हो रहा है। बफर जोन की सफारी को लेकर पर्यटकों में उत्साह है।जनसम्पर्क अधिकारी केके जोशी ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के बफर जोन में एक जुलाई से 16 अगस्त 2026 तक 47 दिनों में 400 से अधिक फेरे हुए। इनमें 2 हजार से अधिक देशी-विदेशी पर्यटकों ने जंगल सफारी का आनंद लिया है। इस अवधि में बफर जोन पर्यटन से विभाग को 5.50 लाख रुपये से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ है। पर्यटन गतिविधियों से जिप्सी संचालकों, गाइड और होटल व्यवसाय से जुड़े लोगों की आय भी बढ़ी है। मानसून के दौरान बांधवगढ़ के धमोखर और पनपथा बफर क्षेत्रों में घूम रहे पर्यटक बाघों को ठीक सामने देख रोमांचित हो गये। इसके साथ ही तेंदुआ, इंडियन गौर, हाथी, चीतल, सांभर, बार्किंग डियर और नीलगाय सहित अनेक वन्यजीवों की मौजूदगी ने सफारी के रोमांच को और बढ़ा दिया। धमोखर बफर क्षेत्र विशेष रूप से पर्यटकों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। यहां बाघिन और उसके शावकों की धमा-चौकड़ी पर्यटकों के लिए सफारी बोनस बन गई है। घने जंगल में शावकों के साथ कई तरह के वन्य जीवों की लुकाछिपी मानसून सफारी को अविस्मरणीय बना रही है।

# भोपाल नगर निगम के खाली भवन अब किराये पर होंगे, परिषद ने बहुमत से प्रस्ताव मंजूर किया

## न्यू मार्केट, स्मार्ट सिटी कार्यालय, आईएसबीटी और माता मंदिर स्थित भवनों को किराये पर देने का रास्ता साफ




भोपाल, (निप्र)। भोपाल नगर निगम अपने स्वामित्व वाले खाली भवनों का अब किराये के लिए उपयोग करेगा। नगर निगम परिषद के बुधवार को हुए साधारण सम्मिलन में निगम के रिक्त भवनों को मासिक किराये पर दिए जाने से संबंधित प्रस्तावों को विस्तृत चर्चा के बाद बहुमत से मंजूरी दे दी गई। परिषद ने न्यू मार्केट, स्मार्ट सिटी कार्यालय, मनीषा मार्केट शाहपुरा, आईएसबीटी और माता मंदिर क्षेत्र स्थित रिक्त भवनों को किराये पर देने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी है।निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई परिषद की बैठक में कार्यसूची में शामिल विभिन्न विषयों पर महापौर मालती राय, महापौर परिषद के सदस्यों, सत्ता पक्ष और विपक्ष के पार्षदों ने चर्चा की। अध्यक्ष ने भवनों को किराये पर देने की कार्रवाई में सभी निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। परिषद ने न्यू मार्केट स्थित जनसंपर्क कार्यालय के रिक्त भवन को मासिक किराये पर देने का प्रस्ताव पारित किया। इसके अलावा स्मार्ट सिटी कार्यालय के अग्रभाग में स्थित खाली कार्यालय, मनीषा मार्केट शाहपुरा के पास भवन अनुज्ञा शाखा का रिक्त कार्यालय, आईएसबीटी स्थित कार्यालय तथा माता मंदिर के हर्षवर्धन कॉम्प्लेक्स स्थित रिक्त कार्यालय को किराये पर देने की अनुमति दी गई।

अध्यक्ष की अनुमति से महापौर परिषद के सदस्य जगदीश यादव द्वारा फतेहगढ़ स्थित अन्नपूर्णा भवन के ऊपरी तल किराये पर देने से संबंधित प्रस्ताव भी सदन में रखा गया, जिसे बहुमत से मंजूरी दे दी गई।

### अटल भवन के सर्विस ब्लॉक आवंटन को भी स्वीकृति

परिषद ने जोन क्रमांक-7 के वार्ड क्रमांक-31 में स्थित नगर निगम के नवीन मुख्यालय अटल भवन के सर्विस ब्लॉक के आवंटन संबंधी प्रस्ताव को भी बहुमत से पारित किया। निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने कहा कि सभी स्वीकृत भवनों को किराये पर देने की प्रक्रिया में नियमों का पूरी तरह पालन किया जाना चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इसी आधार पर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### सोन चिरैया हॉकर कॉर्नर की ई-निविदा पर पुनर्विचार

परिषद की बैठक में सोन चिरैया हॉकर कॉर्नर की ई-निविदा से संबंधित प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई। विस्तृत विचार-विमर्श के बाद निगम अध्यक्ष ने प्रस्ताव को पुनर्विचार के लिए महापौर परिषद को वापस भेजने की व्यवस्था दी।महापौर मालती राय ने कहा कि नगर निगम के जो भवन खाली हुए हैं, उन्हें व्यवस्थित रखने और उनका बेहतर उपयोग सुनिश्चित करने के लिए किराये पर देने की प्रक्रिया अपनाई जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी भवन नियमानुसार ही किराये पर दिए जाएंगे।

महापौर ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के तहत नगर निगम को शहर के विकास के लिए करोड़ों रुपये की राशि प्राप्त हुई है। इसके अलावा प्रत्येक पार्षद को 50 लाख रुपये वार्ड नियोजन निधि और संपत्तिकर की 50 प्रतिशत राशि विकास कार्यों के लिए आवंटित की गई है। उन्होंने पार्षदों से अपने-अपने क्षेत्रों के विकास कार्यों को लेकर सक्रिय रहने और योजनाओं को समय पर पूरा कराने के लिए लगातार प्रयास करने का आह्वान किया।आगामी गर्मी में शहर में जलप्रदाय को लेकर पार्षदों द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब में महापौर ने कहा कि हाल में हुई अच्छी बारिश से बड़ा तालाब, कोलार बांध और केरवा बांध में पर्याप्त पानी पहुंचा है। उन्होंने कहा कि मां नर्मदा में भी पर्याप्त जल उपलब्ध है, इसलिए आगामी गर्मी में जलप्रदाय को लेकर स्थिति बेहतर रहने की उम्मीद है।

# संभाग में यहीं निवेश, यहीं रोजगार के ध्येय पर करें औद्योगिक विकास : संभागायुक्त श्री शर्मा

भोपाल, (आरएनएस)। संभागायुक्त कर्मवीर शर्मा ने निर्देश दिए हैं कि संभाग में यहीं निवेश, यहीं रोजगार के मूल ध्येय को साकार करते हुए औद्योगिक विकास को नई गति प्रदान की जाए। उद्योगों की स्थापना के साथ-साथ स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। इसके लिए स्थानीय युवाओं को उद्योगों की तात्कालिक और भावी आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण (स्किल ट्रेनिंग) प्रदान किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि भोपाल संभाग में विद्यमान औद्योगिक संभावनाओं और अवसरों का सूक्ष्म आंकलन किया जाए तथा उद्योग स्थापना की राह में आ रही व्यावहारिक कठिनाइयों के त्वरित निराकरण के लिए संभागीय स्तर पर अधिकारी परस्पर निरंतर समन्वय से कार्य करें। संभागायुक्त कर्मवीर शर्मा ने बुधवार को संभागायुक्त कार्यालय सभाकक्ष में एमएसएमई एमपीआईडीसी एवं उद्योग विकास की संभागीय समीक्षा बैठक में ये निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त आयुक्त विनोद यादव, एमपीआईडीसी के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर विशाल सिंह चौहान, एमएसएमई विभाग के संयुक्त आयुक्त अशोक श्रीवास्तव एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे । संभागायुक्त श्री शर्मा ने कहा कि भोपाल डेवलपमेंट रीजन में भविष्य की योजनाओं के क्रियान्वयन में उद्योगों को लेकर व्यापक रोडमैप तैयार करें। इसके अंतर्गत उद्योगों की आवश्यकतानुसार इंफ्रास्ट्रक्चर, क्लस्टर बेस्ड डेवलपमेंट, एग्रीकल्चर, एजुकेशन, एग्री-इक्विपमेंट और लॉजिस्टिक हब के विकास को समावेशी रूप से जोड़ा जाएगा।

# संभागायुक्त कर्मवीर शर्मा ने किया मेट्रो डिपो का निरीक्षण

## मेट्रो परियोजना की प्रगति की ली जानकारी



भोपाल (निप्र)। संभागायुक्त कर्मवीर शर्मा ने बुधवार को सुभाष नगर स्थित मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (MPMRCL) के डिपो का निरीक्षण किया। इस दौरान मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रबंध संचालक एस. कृष्ण चैतन्य एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।संभागायुक्त श्री शर्मा ने भोपाल मेट्रो परियोजना की प्रगति, परिचालन व्यवस्था एवं निर्माण कार्यों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। संभागायुक्त ने डिपो परिसर में परिचालन प्रणाली एवं विभिन्न सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्हें मेट्रो परियोजना के वर्तमान निर्माण कार्यों, संचालन संबंधी व्यवस्थाओं तथा आगामी कार्ययोजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

प्रबंध संचालक एस. कृष्ण चैतन्य ने परियोजना की प्रगति एवं निर्धारित समय-सीमा के अनुरूप कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए किए जा रहे प्रयासों से भी अवगत कराया।

### मेट्रो में की यात्रा

संभागायुक्त कर्मवीर शर्मा ने सुभाष नगर से एम्स स्टेशन तक मेट्रो ट्रेन में यात्रा भी की। इस दौरान उन्होंने यात्रियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था एवं परिचालन प्रणाली का अवलोकन किया। उन्होंने मेट्रो संचालन में अपनाई जा रही आधुनिक तकनीकों तथा सुरक्षा मानकों की जानकारी प्राप्त की और परियोजना के सुव्यवस्थित क्रियान्वयन की सराहना की।

# अजयगढ़ में मूसलाधार बारिश से नदियां उफान पर, अस्थाई पुलिया बही; पांच गांवों का संपर्क टूटा

पन्ना, (ए.)। मध्य प्रदेश के पन्ना जिले के अजयगढ़ क्षेत्र में पिछले 24 घंटे से हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया है। लगातार बारिश के कारण क्षेत्र से गुजरने वाली केन, रूंज और बागे नदियां उफान पर हैं। कई छोटे-बड़े नाले भी तेज बहाव के साथ खतरे के निशान की ओर बढ़ रहे हैं। नदी-नालों में जलस्तर बढ़ने से कई मार्गों पर आवागमन प्रभावित हुआ है।शहपुरा को धरमपुर और कालिंजर से जोड़ने वाले रूंज नदी के पुल के ऊपर कई फीट पानी बह रहा है। इसके चलते इस मार्ग पर आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। इसके बावजूद स्थानीय लोग जरूरी सामान और उपचार जैसी आवश्यकताओं के लिए जोखिम उठाकर पानी के बीच से पुल पार करते दिखाई दे रहे हैं।

अस्थाई पुलिया तेज बहाव में बही

बारिश के कारण गडरपुर से बरियारपुर कुर्मियान मार्ग पर बनाई गई अस्थाई पुलिया भी तेज बहाव में बह गई। पुलिया के बह जाने से करीब पांच गांवों का संपर्क अजयगढ़ मुख्यालय से टूट गया है।

बताया गया है कि पिछले वर्ष आई बाढ़ में इस मार्ग पर बना स्थायी पुल बह गया था। स्थायी पुल के पुनर्निर्माण में देरी के चलते प्रशासन की ओर से ग्रामीणों की आवाजाही के लिए अस्थाई पुलिया बनाई गई थी। अब भारी बारिश में वह भी बह गई, जिससे ग्रामीणों के सामने आवागमन का



गंभीर संकट खड़ा हो गया है।

जरूरी सामान और इलाज के लिए जोखिम उठा रहे ग्रामीण

अस्थाई पुलिया बहने के बाद प्रभावित गांवों के लोगों को रोजमर्रा की जरूरतों का सामान लाने और आपात स्थिति में मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में परेशानी हो रही है। ग्रामीण कई जगह उफनते नालों और तेज बहाव वाले रास्तों को पार करने का जोखिम उठा रहे हैं।

क्षेत्र में लगातार बिगड़ते हालात को देखते हुए प्रशासन ने लोगों से नदी-नालों के तेज बहाव में नहीं जाने और पानी कम होने तक आवागमन से बचने की अपील की है।

### स्कूलों में छुट्टी घोषित

भारी बारिश और नदी-नालों के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए पन्ना कलेक्टर ने अजयगढ़ क्षेत्र सहित जिले के सभी शासकीय और अर्धशासकीय विद्यालयों में अवकाश घोषित कर दिया है। प्रशासन का उद्देश्य विद्यार्थियों को जलभराव और तेज बहाव वाले क्षेत्रों में आवागमन से होने वाले जोखिम से बचाना है।

### नदी-नालों पर निगरानी बढ़ाई

तहसीलदार सुरेंद्र कुमार ने बताया कि उफनती नदियों और नालों के किनारे कोटवारों की तैनाती की गई है। संबंधित हल्का पटवारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में जलस्तर पर लगातार निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन की ओर से ग्रामीणों को चेतावनी दी जा रही है कि जलस्तर अधिक होने की स्थिति में किसी भी नदी या नाले को पार न करें। अधिकारियों का कहना है कि पानी का बहाव कम होने और मार्ग सुरक्षित होने के बाद ही आवागमन बहाल किया जाएगा। फिलहाल प्रशासनिक अमला क्षेत्र की स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

# गुणवत्तापूर्ण शिक्षण की मिसाल बनीं शिक्षिका सुश्री आकांक्षा राजोरिया

**सचिव स्कूल शिक्षा विभाग ने शिक्षिका द्वारा किए जा रहे नवाचारपूर्ण प्रयासों को सराहा, शिक्षिका को मिला प्रोत्साहन पत्र**



भोपाल मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता, नवाचार और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों को स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी क्रम में स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. संजय गोयल ने नरसिंहपुर जिले के शासकीय प्राथमिक विद्यालय जुझारी की प्राथमिक शिक्षिका सुश्री आकांक्षा राजोरिया द्वारा किए जा रहे गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें प्रशंसा एवं शुभकामना संदेश प्रेषित किया है।सचिव डॉ. गोयल ने 14 अगस्त 2026 को मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के अंतर्गत विद्यालय का अवलोकन किया था। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, शिक्षण पद्धति और विद्यार्थियों के सीखने के स्तर का जायजा लिया। विद्यालय में बच्चों को पढ़ाने के प्रति शिक्षिका के समर्पण, धैर्य तथा नवीन शिक्षण विधियों के प्रयोग को उन्होंने सराहनीय बताया।सचिव डॉ. गोयल ने अपने प्रशंसा पत्र में कहा कि विद्यालय में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्य प्रेरणादायक हैं। बच्चों को पढ़ाने के प्रति शिक्षिका का समर्पण और नवीन शिक्षण विधियां उल्लेखनीय हैं। उन्होंने बच्चों में अनुशासन और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के प्रयासों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि आपके मार्गदर्शन में विद्यार्थियों के शैक्षणिक प्रदर्शन और व्यवहार दोनों में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। उन्होंने शिक्षिका के प्रयासों को विद्यालय की पहचान बताते हुए कहा कि ऐसे समर्पित शिक्षकों के कारण प्रदेश के प्राथमिक विद्यालय आदर्श बन रहे हैं।

विभाग के सचिव द्वारा प्रशंसा पत्र मिलने पर सुश्री आकांक्षा राजोरिया ने उनके प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वरिष्ठ अधिकारी द्वारा उनके प्रयासों की सराहना एवं मान्यता मिलना उनके लिए अत्यंत सम्मान और गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि सचिव के प्रेरणादायी शब्दों और उत्साहवर्धन से उन्हें अपने दायित्वों का और अधिक निष्ठा, समर्पण एवं सकारात्मक ऊर्जा के साथ निर्वहन करने की प्रेरणा मिली है।सुश्री राजोरिया ने कहा कि वे भविष्य में भी विद्यालय एवं विद्यार्थियों के हित में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगी। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों का इस प्रकार का प्रोत्साहन शिक्षकों में नई ऊर्जा का संचार करता है और उन्हें बेहतर शिक्षण के लिए प्रेरित करता है।

## दतिया - प्र ाद पटेल ने वीरांगना रानी अवंतीबाई की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण, बोले- उनकी वीरगाथा पीढ़ियों को देती रहेगी प्रेरणा

दतिया/बसई,(ए.)। मध्य प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम विभाग मंत्री प्रह्लाद पटेल बुधवार को दतिया जिले के दूरस्थ क्षेत्र बसई पहुंचे। यहां उन्होंने वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की 195वीं जयंती



के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित आमजन और युवाओं को संबोधित करते हुए वीरांगना के जीवन, संघर्ष और राष्ट्रभक्ति को याद किया।मंत्री प्रह्लाद पटेल ने अपने संबोधन की शुरुआत 'नर्मदे हर' के जयघोष के साथ की। उन्होंने कहा कि वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी का अदम्य साहस, शौर्य, त्याग और देशभक्ति सदैव देशवासियों को प्रेरणा देती रहेगी। उन्होंने कहा कि रानी अवंतीबाई ने अंग्रेजी शासन के विरुद्ध जिस वीरता के साथ संघर्ष किया, वह भारतीय इतिहास में उनके गौरवपूर्ण स्थान को दर्शाता है।

कम उम्र में संभाली राज्य की जिम्मेदारी

मंत्री पटेल ने कहा कि करीब दो शताब्दी पूर्व वीरांगना अवंतीबाई लोधी ने मात्र 22 वर्ष की आयु में रामगढ़ राज्य की जिम्मेदारी संभाली थी। घुड़सवारी और तलवारबाजी में निपुण रानी ने अपने पति के निधन के बाद राज्य का दायित्व संभालते हुए अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ संघर्ष का नेतृत्व किया।

# अनूपपुर- जिले की 1.25 लाख लाड़ली बहनों को 21.37 करोड़ सिंगल क्लिक के माध्यम से मुख्यमंत्री ने अंतरित की राशि



अनूपपुर, मध्य प्रदेश (ए.)। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत जिले की 1 लाख 25 हजार 342 लाड़ली बहनों के बैंक खातों में कुल 21 करोड़ 37 लाख 68 हजार 300 रुपये की राशि पात्र हितग्राही महिलाओं के बैंक खातों में सिंगल क्लिक के माध्यम से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को मैहर जिले से आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत अनुदान राशि का अंतरण किया। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण अनूपपुर जिले में कलेक्ट्रेट स्थित सोन सभागार सहित सभी जनपद पंचायतों, नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायतों में देखने और सुनने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिंगल क्लिक के माध्यम से अनूपपुर जिले की 1 लाख 25 हजार 342 लाड़ली बहनों के बैंक खातों में कुल 21 करोड़ 37 लाख 68 हजार 300 रुपये की राशि अंतरित की। इसमें प्रत्येक लाड़ली बहना के खाते में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत 1,500 रुपये तथा रक्षाबंधन के शगुन के रूप में 250 रुपये की अतिरिक्त राशि अंतरित की गई।कलेक्ट्रेट स्थित सोन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग संजीता भगत सहित बड़ी संख्या में लाड़ली बहनें उपस्थित रहीं।

## कुएं के पास लावारिस मिला नवजात, झाबुआ पुलिस ने तत्परता से पहुंचाया अस्पताल

झाबुआ (ए.)। मध्यप्रदेश पुलिस केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं है, बल्कि संकट में फंसे प्रत्येक व्यक्ति की सुरक्षा और जीवन रक्षा को भी सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। इसी मानवीय संवेदनशीलता का उदाहरण झाबुआ जिले के रायपुरिया थाना क्षेत्रमें सामने आया, जहां कुएं के पास लावारिस हालत में रोते हुए मिले एक नवजात शिशु को पुलिस टीम ने तत्काल अपने संरक्षण में लेकर अस्पताल पहुंचाया। 18 अगस्त कोथाना रायपुरिया पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम देवली में कुएं के पास एक नवजात शिशु रोता हुआ मिला है। सूचना मिलते ही थाना रायपुरिया प्रभारीनिरीक्षक श्रीमती गीता जाटवपुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचीं। पुलिस टीम ने बिना समय गंवाए नवजात को सुरक्षित अपने संरक्षण में लिया और पुलिस वाहन से अस्पताल पहुंचाकर भर्ती कराया।पुलिस की तत्परता के कारण नवजात को समय पर चिकित्सकीय सहायता मिल सकी।

# व्यापार समाचार

# ZEPTO ने दिया ग्राहकों को झटका, फ्री डिलीवरी के लिए अब 199 रुपए का मिनिमम ऑर्डर जरूरी

नई दिल्ली (ए.)। क्विक-कॉमर्स प्लेटफॉर्म 'epto ने ग्राहकों के लिए फ्री डिलीवरी की शर्तें बदल दी हैं। अब मुफ्त डिलीवरी का लाभ उठाने के लिए ग्राहकों को कम से कम 199 रुपये का ऑर्डर करना होगा। कंपनी ने मिनिमम ऑर्डर वैल्यू 149 रुपये से बढ़ाकर 199 रुपये कर दी है। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, इस बदलाव के बाद Zepto फ्री डिलीवरी की न्यूनतम सीमा के मामले में Blinkit और Instamart जैसी कंपनियों के करीब आ गया है।

मांग बढ़ने पर 299 रुपये तक पहुंची सीमा

रिपोर्ट के मुताबिक, अधिक डिमांड वाले समय या इलाकों में मिनिमम ऑर्डर वैल्यू बढ़कर 299 रुपये तक हो गई है। इससे पहले Zepto कई यूजर्स के लिए यह सीमा 99 रुपये से बढ़ाकर 149 रुपये कर चुका था। यानी कंपनी ने कुछ समय के भीतर ही फ्री डिलीवरी के लिए जरूरी




न्यूनतम ऑर्डर वैल्यू में दोबारा बढ़ोतरी की है।

छोटे ऑर्डर पर मुनाफे का गणित सुधारने की कोशिश

Zepto के इस कदम का उद्देश्य छोटे ऑर्डर पर कंपनी की कॉन्ट्रिब्यूशन इकोनॉमिक्स यानी मुनाफे के गणित को बेहतर करना और ग्राहकों का औसत ऑर्डर साइज बढ़ाना माना जा रहा है। हालांकि, मिनिमम ऑर्डर वैल्यू बढ़ने से ग्राहकों की खरीदारी की इच्छा प्रभावित हो सकती है, खासकर उन लोगों की जो कम कीमत के सामान या तत्काल जरूरत की चीजों के लिए क्विक-कॉमर्स प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करते हैं।

### क्विक-कॉमर्स कंपनियों में मुनाफे की होड़

क्विक-कॉमर्स सेक्टर में कंपनियां ऑर्डर इकोनॉमिक्स और डिलीवरी लागत को बेहतर करने के साथ ग्राहक संख्या बनाए रखने के बीच संतुलन बनाने की कोशिश कर रही हैं। इसी वजह से कंपनियां लगातार डिलीवरी फीस, कीमतों और मिनिमम ऑर्डर वैल्यू में बदलाव कर रही हैं। Zepto के साथ-साथ Swiggy और अन्य प्रमुख क्विक-कॉमर्स कंपनियों के कदमों पर भी बाजार की नजर है।

## *डिजिटल भुगतान में तेज उछाल के बावजूद भारत में चलन में नकदी बढ़ी : आरबीआई डिप्टी गवर्नर*

*मुंबई ,(ए.)। भारत में पिछले एक दशक के दौरान डिजिटल भुगतान को अपनाने में तेज वृद्धि के बावजूद चलन में नकदी में कमी नहीं आई है, खासकर ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों, कम आय वाले समूहों, बुजुर्ग आबादी और छोटे कारोबारों में नकदी का इस्तेमाल बना हुआ है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर शिरीष चंद्र मुर्मु ने यह बयान दिया।*



*डिप्टी गवर्नर ने 13 अगस्त को जकार्ता में बैंक इंडोनेशिया द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में अपने भाषण के दौरान कहा, डिजिटल भुगतान के बढ़ते चलन के कारण व्यक्तिगत लेनदेन में नकदी की हिस्सेदारी घटने के बावजूद, चलन में मुद्रा दोहरे अंकों की दर से बढ़ रही है। इस संयोजन के कारण भविष्य की मांग का अनुमान लगाना मुश्किल हो जाता है, जिससे उत्पादन और वितरण क्षमता की हमारी योजना और जटिल हो जाती है। उन्होंने कहा, भारतीय अर्थव्यवस्था में नकदी भुगतान का एक महत्वपूर्ण माध्यम बनी हुई है और साफ-सुथरे नोटों, सुरक्षित लॉजिस्टिक्स और ऐसे मुद्रा तंत्र के जरिए नकदी में लोगों का भरोसा बनाए रखना, जिस पर वे निर्भर कर सकें, मौद्रिक संप्रभुता को बनाए रखने के लिए भी महत्वपूर्ण है। यह ऐसा लक्ष्य है, जिसे सभी देशों के केंद्रीय बैंक साझा करते हैं, चाहे उनकी अर्थव्यवस्थाएं नकदी और डिजिटल भुगतान के किसी भी मिश्रण को अपनाएं। डिप्टी गवर्नर ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में आरबीआई ने छह मूल्यवर्गों में हर साल 28 से 30 अरब बैंक नोटों का उत्पादन किया है और लगभग 21 अरब नोटों को हर साल चलन से हटा दिया है। फिलहाल भारत में 176 अरब बैंक नोट चलन में हैं। तुलना के लिए, पिछले साल के अंत में लगभग 56 अरब अमेरिकी डॉलर के नोट और 30 अरब यूरो के बैंक नोट चलन में थे।*

## वैश्विक तनावों और कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के बीच सपाट खुला बाजार, सेंसेक्स-निफ्टी पर दबाव, आईटी शेयरों ने किया सपोर्ट




मुंबई (ए.)। पश्चिम एशिया में जारी तनावों के बीच कमजोर वैश्विक संकेतों के चलते हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बुधवार को भी भारतीय शेयर बाजार गिरावट के साथ लाल निशान में खुला। यह लगातार सातवां दिन है जब प्रमुख बेंचमार्कों सेंसेक्स और निफ्टी में बिकवाली का दबाव बना रहा, लेकिन आईटी शेयरों में खरीदारी से प्रमुख सूचकांकों को कुछ समर्थन मिला।

वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेज बढ़ोतरी और बॉन्ड प्रतिफल (यील्ड) में उछाल के बीच, बीएसई सेंसेक्स अपने पिछले बंद 77,235.46 से 17.41 अंक यानी 0.02 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 77,218.05 पर सपाट खुला। हालांकि, बाद में गिरावट और बढ़ गई, और एक समय इसने 0.31 प्रतिशत यानी 244 अंक गिरकर 76,991.28 का इंट्रा-डे लो छुआ, जबकि 77,347.81 का स्तर दिन का हाई रहा।

वहीं, एनएसई निफ्टी 50 अपने पिछले बंद 24,154.90 से 0.01 प्रतिशत यानी 2.85 अंक की मामूली गिरावट के साथ 24,152.05 पर सपाट खुला। हालांकि बाद के सत्र में गिरावट और बढ़ गई, और एक समय इसने 0.37 प्रतिशत या करीब 90 अंक फिसलकर 24,065.10 का दिन का लो और 24,172.85 का दिन का हाई छुआ।

खबर लिखे जाने तक सेंसेक्स 222.87 अंक यानी 0.29 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77,012.59 पर कारोबार करता नजर आया। वहीं निफ्टी 50 74.00 (0.31 प्रतिशत) अंक गिरकर 24,080.90 पर ट्रेड करता नजर आया।

व्यापक बाजारों में, निफ्टी मिडकैप और निफ्टी स्मॉलकैप क्रमश: 0.39 प्रतिशत और 0.37 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आए।

क्षेत्रवार प्रदर्शन में आईटी शेयरों ने सबसे बेहतर प्रदर्शन किया। निफ्टी आईटी सूचकांक 0.82 प्रतिशत की बढ़त के साथ शीर्ष पर रहा। इसके अलावा, निफ्टी मिडस्मॉल आईटी एंड टेलीकॉम में 0.59 प्रतिशत की तेजी और निफ्टी एफएमसीजी में 0.2 प्रतिशत की तेजी दर्ज की ग इ ।

रियल्टी और रियल एस्टेट निवेश ट्रस्ट (रीट्स) से जुड़े सूचकांकों में भी लगभग 0.2 प्रतिशत तक की बढ़त देखने को मिली, जबकि वहीं, ऑयल एंड गैस में 0.08 प्रतिशत की मामूली बढ़त देखने को मिली।

दूसरी ओर, मेटल और ऑटो शेयरों में दबाव बना रहा। निफ्टी मेटल 0.35 प्रतिशत टूट गया, जबकि निफ्टी ऑटो में 0.14 प्रतिशत की गिरावट रही। हेल्थकेयर, फार्मा और केमिकल्स से जुड़े सूचकांकों में भी हल्की कमजोरी दर्ज की गई।

### टेक्नोलॉजी ने डीमैट अकाउंट ओपनिंग को आसान बनाया, टियर 2 और 3 शहरों से भारी मात्रा में खुल रहे खाते - एनएसडीएल

मुंबई (ए.)। टेक्नोलॉजी ने डीमैट अकाउंट ओपनिंग को काफी आसान बना दिया है। इससे टियर 2 और 3 शहरों से भारी मात्रा में डीमैट खाते खुल रहे हैं। यह बयान मंगलवार को एनएसडीएल के चीफ बिजनेस ऑफिसर समीर पाटिल ने दिया।

मुंबई में आयोजितग्रेट इंडियन बॉन्ड फेस्टिवल (ग्रिप) के साइडलाइन में पाटिल ने कहा, पहले के समय में डीमैट अकाउंट खुलने में काफी समय लगता था, लेकिन जब से टेक्नोलॉजी आई है। इसने सब कुछ बदल दिया है और अब आप घर बैठे अकाउंट खोल सकते हैं और टियर 2 और 3 शहरों से भारी मात्रा में खाते खुल रहे हैं।

पाटिल ने आगे कहा कि बॉन्ड मार्केट को लेकर निवेशकों को काफी कम जानकारी है। ग्रिप में सेबी, एनएसडीएल और अन्य पक्षकारों आए हुए हैं, जिससे बॉन्ड मार्केट को लेकर निवेशकों में जागरूकता फैलाई जा सके और बताया जाए कि कैसे वे इसका फायदा उठाकर लाभ कमा सकते हैं।

इस कार्यक्रम के बारे में बताते हुए ग्रिप के सीईओ वैभव लड्डा ने कहा कि यह पहली बार है जब हम बॉन्ड इंडस्ट्री के लिए सालाना फेस्टिवल आयोजित कर रहे हैं। हमारा मकसद लोगों को निवेश के जरिया बॉन्ड के बारे में जागरूक और शिक्षित करना है और यह बताना है कि रिटेल निवेशक और पूरी इंडस्ट्री के लिए इनका क्या मतलब है।

# Telegram का बड़ा धमाका, हर यूजर को बिल्कुल फ्री मिलेगी वेबसाइट; CEO का बड़ा ऐलान




नई दिल्ली (ए.)- क्या आप अपनी खुद की वेबसाइट बनाना चाहते हैं, वह भी बिना एक भी रुपया खर्च किए? अगर हां, तो सिक्योर इंस्टेंट मैसेजिंग ऐप टेलीग्राम (Telegram) आपके लिए एक बहुत बड़ी खुशखबरी लेकर आया है। मैसेजिंग की दुनिया में तहलका मचाने के बाद अब टेलीग्राम अपने करोड़ों यूजर्स को बिल्कुल फ्री में वेबसाइट बनाने की धांसू सुविधा देने जा रहा है। कंपनी के फाउंडर और सीईओ पावेल डूरोव (Pavel Durov) ने इस महा-प्लान का बड़ा ऐलान किया है। अगर यह योजना सफल होती है, तो इंटरनेट की दुनिया में यूजर्स की पहचान का तरीका पूरी तरह से बदल जाएगा।

### .द्दह्ल्ड्डद्ध डोमेन से होगी आपकी नई पहचान

टेलीग्राम के सीईओ पावेल डूरोव ने जानकारी दी है कि कंपनी ने खास .grad' डोमेन के लिए आधिकारिक रूप से आवेदन किया है। जिस तरह आप किसी भी वेबसाइट के पीछे .com या .in देखते हैं, ठीक वैसे ही आने वाले समय में आपको .gram देखने को मिल सकता है। अगर दुनिया भर के डोमेन को मैनेज करने वाली संस्था ICANN से इस आवेदन को मंजूरी मिल जाती है, तो टेलीग्राम का इस्तेमाल करने वाले करीब एक अरब यूजर्स अपने नाम का वेब एड्रेस आसानी से हासिल कर सकेंगे। उदाहरण के तौर पर, अगर आपका टेलीग्राम यूजरनेम @rahul है, तो भविष्य में आपकी वेबसाइट का पता rahul.gram हो सकता है।

AI की मदद से सिर्फ एक प्रॉम्प्ट में बनेगी फ्री वेबसाइट

इस पूरी योजना की सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि आपको वेबसाइट बनाने के लिए किसी भी कोडिंग या तकनीकी ज्ञान की जरूरत नहीं होगी। आज के समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ड्ढ) की मदद से वेबसाइट बनाना आसान तो हुआ है, लेकिन उसे इंटरनेट पर होस्ट करने और डोमेन खरीदने के लिए अच्छे-खासे पैसे चुकाने पड़ते हैं। लेकिन टेलीग्राम अपने यूजर्स को यह पूरी सर्विस बिल्कुल फ्री में देने वाला है। इसके तहत यूजर महज एक प्रॉम्प्ट (कमांड) देगा और एआई की मदद से तुरंत उसकी शानदार इंटरैक्टिव वेबसाइट बनकर तैयार हो जाएगी। इसके लिए कोई सब्सक्रिप्शन फीस नहीं देनी होगी।

### सिर्फ चैटिंग ऐप नहीं, अब ऑल-इन-वन प्लेटफॉर्म बनेगा टेलीग्राम

टेलीग्राम का यह बड़ा कदम रातों-रात नहीं उठाया गया है, बल्कि कंपनी लंबे समय से खुद को सिर्फ एक मैसेजिंग ऐप की छवि से बहुत आगे ले जाने की रणनीति पर काम कर रही है। टेलीग्राम पहले ही अपना इन-बिल्ट ब्राउजर और मिनी ऐप स्टोर (Mini App Store) लॉन्च कर चुका है। कंपनी ने 'username.t.meÓ जैसे सीधे वेब लिंक का सपोर्ट भी शुरू कर दिया है, ताकि यूजरनेम को इंटरनेट के पते की तरह इस्तेमाल किया जा सके।

अब '.द्दह्ल्ड्डद्ध' डोमेन उसी दिशा में एक सबसे बड़ा कदम है। अगर इसे हरी झंडी मिल जाती है, तो चैट, चैनल, बॉट, मिनी ऐप्स और खुद के ब्राउजर वाले इस प्लेटफॉर्म पर यूजर्स की पर्सनल वेबसाइट भी होगी, जो टेलीग्राम को अपने प्रतिद्वंदियों से कई गुना आगे खड़ा कर देगी।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## रेलवे के बदहाल स्टेशन

रिपोर्ट इस सोच चुनौती देती है कि स्टेशनों का आधुनिकीकरण बुनियादी यात्री सेवाओं की गारंटी कर देता है। जहां स्टेशनों को फिर से बनाया गया, उनमें से भी कई जगहों पर बुनियादी सुविधाओं की कमी है।

रेलवे स्टेशनों की दुर्दशा वैसे तो किसी से छिपी नहीं है, लेकिन अब उनकी बदहाली की विस्तृत तस्वीर नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) ने भी सामने रखी है। गैर-उपनगरीय रेलवे स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं एवं स्वच्छता के हाल पर केंद्रित यह रिपोर्ट सभी 16 रेलवे जोनों के 512 ऐसे स्टेशनों के ऑडिट पर आधारित है। सीएजी ने स्टेशनों का चयन यात्रियों की आवाजाही और वहां से होने वाली कमाई को ध्यान में रखते हुए किया। उसने रेलवे डेटा, यात्री शिकायतों, यात्री प्रतिक्रियाओं, और रेलवे अधिकारियों के साथ मिल कर किए गए निरीक्षणों के आधार पर निष्कर्ष निकाले। निष्कर्ष है कि 89 प्रतिशत से अधिक स्टेशनों पर एक या अधिक न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं की कमी है। और समस्या केवल छोटे स्टेशनों पर ही नहीं, बल्कि बड़े, उच्च-राजस्व और अधिक यात्री आवाजाही वाले स्टेशनों पर भी उसी तरह मौजूद है।

समस्या है: सुविधाओं का ना होना और जो सुविधाएं मौजूद हैं, उनकी नाकाफी क्षमता तथा उनका रखरखाव ठीक ना होना। रिपोर्ट के मुताबिक 188 स्टेशनों पर पेय जल के पर्याप्त नल उपलब्ध नहीं थे, जो रेल मंत्रालय के इस दावे का खंडन करता है कि ऐसी सुविधाएं प्रदान कर दी गई हैं। रिपोर्ट इस सोच चुनौती देती है कि स्टेशनों का आधुनिकीकरण खुद ही बुनियादी यात्री सेवाओं की गारंटी कर देता है। यहां तक कि जहां स्टेशनों को फिर से बनाया गया है और जिन्हें बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर वाले स्टेशन समझा जाता है, उनमें से भी कई जगहों पर यात्रियों को पानी, पंखे, बैठने की जगह, शौचालय, और स्वच्छता की कमी आदि का सामना करना पड़ रहा है।

सार है कि भारतीय रेलवे के पास मानदंड, फंड और निगरानी के ढांचे तो मौजूद हैं, लेकिन उनके जरिए अमल असमान बना हुआ है। कारण जवाबदेही के सिस्टम का अभाव है। इस कारण सुविधाओं को मानदंडों के अनुसार प्रदान नहीं किया जाता, कार्यों के पूरा होने में देर होती है, मौजूद सुविधाओं का रखरखाव नहीं किया जाता, और कमियों को समयबद्ध कार्य योजनाओं के जरिए दूर नहीं किया जाता है। और इन सबको लेते हुए ही भारत विकसित होने की अपनी यात्रा पर आगे बढ़ रहा है!

# अमेरिका में अब चलेगा इंडिया इलेक्शन मॉडल? -ट्रंप ने वोटर आईडी के बहाने भारत की चुनाव व्यवस्था को सराहा!

किशन सनमुखदास भावनानी

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर दुनियाँ के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत की चुनावी व्यवस्था को लेकर देश के भीतर भले ही चुनाव-दर-चुनाव राजनीतिक बहस,आरोप-प्रत्यारोप और चुनाव आयोग कीकार्यप्रणाली पर सवाल उठते रहे हों,लेकिन 18 अगस्त 2026 को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारतीय चुनाव प्रणाली और विशेष रूप से मतदाता पहचान व्यवस्था की सार्वजनिक प्रशंसा ने एक बिल्कुल अलग अंतरराष्ट्रीय तस्वीर सामने रख दी है। उन्होंने 2024 के भारतीय लोकसभा चुनाव में लगभग 64.6 करोड़ मतदाताओं की भागीदारी का उदाहरण देते हुए सेव अमेरिका एक्ट को पारित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। ट्रंप ने भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त के साथ हुई बातचीत का हवाला देते हुए अमेरिका में चुनाव सुधारों के लिए सेफगार्ड अमेरिकन वोटर एलिजिबिलिटी एक्ट यानी सेव एक्ट को आगे बढ़ाने की अपील की। ट्रंप ने भारत के विशाल चुनावी पैमाने का उल्लेख करते हुए सवाल उठाया कि जब भारत इतनी बड़ी आबादी और करोड़ों मतदाताओं के साथ पहचान-आधारित चुनाव करा सकता है, तो अमेरिका में मतदाता पहचान को लेकर अधिक सख्त और एकसमान व्यवस्था क्यों नहीं हो सकती।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह बताना चाहूंगा कि भारत की चुनावी विशालता अमेरिका के लिए मिसाल बन गई है,भारत का चुनाव मॉडल इसलिए असाधारण है क्योंकि यहां चुनाव केवल राजनीतिक सत्ता परिवर्तन की प्रक्रिया नहीं, बल्कि विशाल भौगोलिक, भाषाई,सामाजिक और जनसंख्या विविधता के बीच संवैधानिक लोकतंत्र को संचालित करने का सबसे बड़ा प्रशासनिक अभ्यास है। इलेक्शन कमिशन ऑफ़ इंडिया लोकसभा, राज्य विधानसभाओं, राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के चुनावों के संचालन की संवैधानिक जिम्मेदारी निभाता है। 2024 के लोकसभा चुनाव में सात चरणों में मतदान कराया गया था।

साथियों, निर्वाचन आयोग के अनुसार मतदान के लिए ईपीआईसी यानी वोटर आईडी के अलावा पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस,पैन कार्ड,आधार सहित कई निर्धारित फोटो पहचान दस्तावेज स्वीकार किए जाते हैं। यानी भारत में मूल सिद्धांत यह है कि मतदाता की पहचान मतदान केंद्र पर सत्यापित होनी चाहिए,



हालांकि यह समझना जरूरी है कि केवल वोटर आईडी ही एकमात्र स्वीकार्य दस्तावेज नहीं है। यही वह बिंदु है जिसने अमेरिकी राजनीतिक बहस को भारत की ओर देखने के लिए प्रेरित किया है। ट्रंप ने 18 अगस्त की सुबह अपने ट्रुथ सोशल पोस्ट में कहा कि इस महीने की शुरुआत में भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने अमेरिकी प्रशासन से सवाल किया था कि अमेरिका वैध फोटो पहचान के बिना चुनाव कैसे कराता है। ट्रंप ने भारत के पिछले आम चुनाव का उल्लेख करते हुए लगभग 64.6 करोड़ मतदाताओं का आंकड़ा सामने रखा और कहा कि एक प्रतिशत से भी कम लोगों ने डाक के जरिए मतदान किया तथा प्रत्येक मतदाता के पास वैध फोटो पहचान दस्तावेज था। इसी तुलना को आधार बनाकर उन्होंने अमेरिकी कांग्रेस से सेव एक्ट पारित करने की मांग की।

साथियों बात अगर हम भारत और अमेरिका की चुनावी व्यवस्था में सबसे बड़ा अंतर क्या है? इसको समझने की करें तो, भारत और अमेरिका दोनों विश्व के महत्वपूर्ण लोकतंत्र हैं, लेकिन उनकी चुनावी संरचना एक जैसी नहीं हैभारत में चुनावों के संचालन के लिए एक केंद्रीयसंवैधानिक संस्था,निर्वाचन आयोग,की प्रमुख भूमिका है, जबकि अमेरिका में चुनावों का प्रशासन काफी हद तक राज्यों और स्थानीय चुनावी संस्थाओं के हाथ में है। यही कारण है कि अमेरिका में मतदाता पंजीकरण, पहचान संबंधी नियम,अर्ली वोटिंग एब्सेंटी वोटिंग और मेल - इन वोटिंग जैसी व्यवस्थाओं में राज्य-दर-राज्य अंतर दिखाई देता है।इसलिए यह कहना अधिक सही होगा कि अमेरिका में कोई एक समान राष्ट्रीय मतदान प्रक्रिया नहीं है, जबकि भारत में चुनाव संचालन के लिए राष्ट्रीय स्तर पर अधिक केंद्रीकृत संवैधानिक ढांचा मौजूद है।

भारत में मतदाता पंजीकरण के बाद मतदान केंद्र पर मतदाता की पहचान की जांच होती है। दूसरी ओर, अमेरिका में संघीय चुनावों के लिए पहचान और नागरिकता संबंधी नियमों का ढांचा अलग-अलग राज्यों में अलग हो सकता है। यही अंतर ट्रंप के सेव एक्ट अभियान का मूल राजनीतिक मुद्दा बन गया है। व्हाइट हाउस स्वयं दावा करता है कि भारत और ब्राजील जैसे देश मतदाता पहचान को अधिक मजबूत पहचान- प्रणालियों से जोड़ते हैं, जबकि अमेरिका में नागरिकता के संबंध में व्यापक रूप से सेल्फ-अटेस्टेशन कीव्यवस्था पर निर्भरता रही है। हालांकि इस तुलना को सावधानी से समझना जरूरी है,भारत में भी आधार को अनिवार्य मतदाता पहचान के रूप में इस्तेमाल करने का अर्थ नहीं है; निर्वाचन आयोग मतदान के लिए कई वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेज स्वीकार करता है।

साथियों बात अगर हम क्या है सेव अमेरिका एक्ट इसको समझने की करें तो,यहां एक महत्वपूर्णतथ्यात्मक स्पष्टता आवश्यक है। इसका आधिकारिक नाम सेफगार्ड अमेरिकन वोटर एलिजिबिलिटी एक्ट , संक्षेप में सेव एक्ट है। यह कोई स्वास्थ्य संबंधी सेव कानून नहीं, बल्कि अमेरिकी चुनावों में मतदाता पात्रता और नागरिकता सत्यापन से जुड़ा प्रस्तावित संघीय कानून है। इसका मूल उद्देश्य संघीय चुनावों में मतदाता पंजीकरण के समय अमेरिकी नागरिकता का दस्तावेजी प्रमाण अनिवार्य करना है। आधिकारिक विधायी रिकॉर्ड के अनुसार एच.आर.22 को 3 जनवरी 2025 को प्रतिनिधि सभा में पेश किया गया और 10 अप्रैल 2025 को सदन ने इसे 220-208 मतों से पारित कर दिया। इसके बाद यह सीनेट को भेजा गया। इसलिए इसे यह कहना सही नहीं होगा कि सेव एक्ट पहले ही पूर्ण संघीय कानून बन चुका है। प्रस्तावित कानून में अमेरिकी नागरिकता साबित करने के लिए विभिन्न दस्तावेजों की व्यवस्था की गई है, जिनमें वैध अमेरिकी पासपोर्ट, कुछ प्रकार के रियल आईडी -अनुरूप पहचान दस्तावेज, सैन्य पहचान एवं संबंधित रिकॉर्ड तथा सरकार द्वारा जारी कुछ अन्य दस्तावेज शामिल हैं।

## जंगल की लड़ाई शहरों तक पहुंचेगी!

अजीत द्विवेदी

पिछले कुछ वर्षों से एक परिघटना के तौर पर 'अर्बन नक्सल' की चर्चा हो रही है। बड़े शहरों खास कर महानगरों में रहने वाले कुछ बुद्धिजीवियों को गिरफ्तार भी किया गया। उनके ऊपर नक्सलियों को समर्थन देने के आरोप लगे। भीमा कोरेगांव में हिंसा भड़काने के प्रयास के आरोपों में जांच हुई और कई बौद्धिकों के कंप्यूटर से कथित तौर पर हिंसा को समर्थन देने वाले दस्तावेज व चिट्ठियां बरामद हुईं। इस सिलसिले में गिरफ्तार किए गए फादर स्टेन स्वामी का न्यायिक हिरासत में निधन हो गया। उनके हाथ कांपते थे और उनको पानी पीने के लिए स्ट्रॉ चाहिए था तो उसकी लड़ाई सुप्रीम कोर्ट तक गई थी। सरकार उनके प्रति इतनी सख्त थी कि जेल प्रशासन स्ट्रॉ तक नहीं दे रहा था। गौतम नवलखा से लेकर आनंद तेलतुम्बडे और प्रोफेसर जी साईबाबा तक अनेक लोग गिरफ्तार हुए और लंबे समय तक जेल में रहे।

अब प्रधानमंत्री ने 'दिमागी नक्सल' का एक नया जुमला ईजाद किया है। उन्होंने लाल किले की प्राचीर से अपने 13वें भाषण में यह जुमला बोला। उन्होंने दावा किया कि जंगल के नक्सलियों, जिनके लिए उन्होंने 'हथियारी नक्सल' शब्द का इस्तेमाल किया, का सफाया हो चुका है। इसके बाद उन्होंने 'दिमागी नक्सल' की पहचान करने और उन्हें समाप्त करने का आह्वान किया। यह 'अर्बन नक्सल' से आगे की परिघटना है। ऐसा लग रहा है कि 'अर्बन नक्सल' का विमर्श वांछित परिणाम नहीं दे सका है। शहरी और ग्रामीण विभाजन में यह मामला कहीं खो गया। मध्य वर्ग के कुछ लोगों को एक अवधारणा के तौर पर यह अच्छा लगा लेकिन जिन लोगों पर कार्रवाई हुई उनमें से ज्यादातर को सामान्य लोग नहीं जानते थे या उनसे कनेक्ट नहीं कर सके। इसलिए उनके लिए ऐसे लोगों को खतरे के तौर पर देखना थोड़ा मुश्किल था। तभी ऐसा लग रहा है कि उससे आगे की परिघटना के तौर पर 'दिमागी नक्सल' का विचार प्रस्तुत किया गया है। प्रधानमंत्री ने इसे अलग से परिभाषित नहीं किया लेकिन जिस तरह उन्होंने 'हथियारी नक्सल' के बरक्स 'दिमागी नक्सल' को रखा उससे परिभाषा बहुत स्पष्ट है। इसका पहला उद्देश्य तो यह दिख रहा है कि 'अर्बन नक्सल' से जो बात ज्यादा लोगों तक नहीं पहुंची उसे 'दिमागी नक्सल' के नाम पर पहुंचाया जाए। दूसरा मकसद यह दिख रहा है कि इसे एक खास भौगोलिक क्षेत्र की बजाय अखिल भारतीय परिघटना बनाया जाए।

# लूट सके सो लूट, हाँक सके सो हाँक

शंकर शरण

देश भर में हर शिक्षा संस्थान में प्रवेश, और वहाँ की परीक्षा, हर प्रश्न-पत्र, हर मूल्यांकन, आदि एक ही आफिस से करने का निर्णय लिया गया होगा। ऐसी मतिहीनता सामान्य बुद्धि से भी अटपटी लग सकती है। कि कहीं एक भी गड़बड़ी, एक भी भूल, एक की पतिताई, आदि कुछ भी देश भर के लाखों व्यक्तियों, संस्थाओं को कष्ट देगी। बार-बार परेशान करेगी।ज. कोई कल्पना भी नहीं कर सकता कि ईटन, हैरो, कैम्ब्रिज, ऑक्सफोर्ड, आदि सभी विख्यात शिक्षा संस्थानों में प्रवेश के लिए एक सरकारी कार्यालय टेस्ट लेगा! ऐसा करना हर तरह से मूढ़ता पूर्ण है। पर यहाँ किया जा रहा है।

**सार्वजनिक शिक्षा: गरीब की लुगाई -2**

वरना, सोच कर बताएं — यह किस ने, और किस उद्देश्य से तय किया कि प्रवेश परीक्षा में शून्य अंक पाने वाला भी एक बड़े विश्वविद्यालय में पीएचडी करने के लिए प्रवेश पा सकता है? इस के उत्तर में बचाव में जितनी बातें होंगी, सब राजनीतिक और स्वार्थ, ईर्ष्या-द्वेष, लफ्फाजी का बवंडर होगा। उस में शिक्षा या ज्ञान के प्रति कोई चिंता या समझ भी लक्षित नहीं होगी। यही है- शिक्षा का गरीब की जोरू होना! इस पर हर कोई कुछ भी बोलने, करने, थोपने, फतवे देने का अधिकारी है। मानो, यही एक क्षेत्र है जिस के लिए किसी पात्रता की जरूरत नहीं! पार्टी कार्यकर्ता से लेकर ठेकेदार तक उस में अपनी चला सकते हैं। चलाते हैं।

इसी दृष्टिकोण से देश भर में हर शिक्षा संस्थान में प्रवेश, और वहाँ की परीक्षा, हर प्रश्न-पत्र, हर मूल्यांकन, आदि एक ही आफिस से करने का निर्णय लिया गया होगा। ऐसी मतिहीनता सामान्य बुद्धि से भी अटपटी लग सकती है। कि कहीं एक भी गड़बड़ी, एक भी भूल, एक की पतिताई, आदि कुछ भी देश भर के लाखों व्यक्तियों, संस्थाओं को कष्ट देगी। बार-बार परेशान करेगी। जबकि स्थानीय, संस्थागत, राज्यवार, आदि क्षेत्राधिकार में स्वयं संपूर्ण रहने पर हर संस्था, हर परीक्षा, हर मूल्यांकन की गुणवत्ता अधिक सुरक्षित, स्पष्ट, सीमित, जिम्मेदार, और इसलिए उत्कृष्टता की संभावना भी बनी रहती है। यही पहले था भी।

यूरोप और अमेरिका के शैक्षिक संस्थानों में अभी भी वही है। उधर कोई कल्पना भी नहीं कर सकता कि ईटन, हैरो, कैम्ब्रिज, ऑक्सफोर्ड, आदि सभी विख्यात शिक्षा संस्थानों में प्रवेश के लिए एक सरकारी कार्यालय टेस्ट लेगा! ऐसा करना हर तरह से मूढ़ता पूर्ण है। पर यहाँ किया जा रहा है। जो शिक्षा की गुणवत्ता और उत्कृष्टता को पेंदे में पहुँचा देने का अचूक उपाय है। मानो भारतीय विश्वविद्यालय रूपी फैक्ट्री से औसत कुली-कर्मचारी बनने लायक औसत माल तैयार करना हो। बस। इस से अधिक की कल्पना नहीं, चिन्ता नहीं।


वैसे भी, हर चीज का 'केंद्रीकरण' एक कम्युनिस्ट-लोकतंत्री मानसिकता है। यह अंध-मानसिकता कि सब कुछ 'जनता', यानी उस के नाम पर पार्टी करेगी। फिर पार्टी के नाम पर भी एक पार्टी-कमिटी, बल्कि उस का प्रमुख, यानी अंतत: एक नेता। क्या यह — एक देश एक परीक्षा — भी, 'एक देश एक चुनाव', 'एक देश एक पार्टी', और 'एक देश एक नेता' की तरह की बे-सिर-पैर की कल्पना ही है? यह रूसी कम्युनिस्ट मानसिकता का ही भारतीय हिन्दू रूप जैसा है।परन्तु, इस तरह सब कुछ एक हाथ में केंद्रित कर देना बुद्धि, विवेक, जिम्मेदारी, और गुणवत्ता का सत्यानाश करने का ही प्रबंध करना है। पूरे सोवियत कम्युनिज्म के इतिहास का सबक और क्या है? पूरे सत्तर बरस, पूरा देश चुपचाप ऊपर का मुँह देखने, और ऊटपटाँग हुक्म मानने के सिवा और कुछ नहीं कर सकता था! साथ ही, जो भी गड़बड़ी हो रही हो, पहले उसे छिपाना, लीपा-पोती करना, और जब बात खुल जाए तो 'विदेशियों', 'गद्दारों', या 'कामचोरों' को दोष देकर फिर वैसे ही उल्टा-सीधा करते जाना। यही दशकों से सोवियत कम्युनिज्म में चलता रहा।

उसी कम्युनिज्म से स्वतंत्र भारत की अनेकानेक शासकीय नीतियाँ प्रभावित रही है। चूँकि उस से मुट्ठी भर राजनीतिक वर्ग असीम शक्ति, सुविधा, और भोग-विलास का अवसर पाता रहा है। इसलिए भी हर चीज पर राजकीय कब्जा करने, फिर केंद्रीकरण, आदि उसी पार्टी-एकाधिकारी मानसिकता की व्युत्पत्ति है। सब पर हम, सब कुछ पर हमारा चले। सब हमारे ताबेदार। जो विरोध करें, वह जनता के दुश्मन, या विदेशी एजेंट। इस तरह की बनी-बनाई रट, यहाँ भी सोवियत यूनियन से ही मिलती जुलती लंबे समय से रही है।

## माँ की लोरी से 'मन की बात' तक – रेडियो की यात्रा

कृति आरके जैन

कुछ आवाजें कानों तक पहुँचकर ठहरती नहीं, भीतर अपना घर बना लेती हैं। रेडियो भी ऐसी ही आवाज है। राष्ट्रीय रेडियो दिवस पर उसकी स्मृति किसी बीते उपकरण की नहीं, बल्कि उस अदृश्य हमसफर की याद है, जिसने गीतों में आनंद, सूचनाओं में भरोसा और खामोशी में साथ दिया। बिनाका गीतमाला की मखमली धुनों से 'मन की बात' की आत्मीयता तक, रेडियो की यात्रा केवल तकनीक के बदलते रूपों की कहानी नहीं है। कभी वह गाँव की चौपाल पर गूँजा, कभी रात के सन्नाटे में अकेले कमरे का सहारा बना और आज मोबाइल व इंटरनेट से फिर कानों तक पहुँच रहा है। साधन और समय बदलते रहे, आवाज का अपनापन आज भी जस का तस है। शाम ढलते ही ट्रांजिस्टर की आवाज उठती, घरों की दीवारें छोटी और दूरियाँ मिटने लगती थीं। अमीन सायानी की आवाज में गीत गूँजता तो पूरा मोहल्ला एक भाव में बंध जाता। रेडियो के पास तस्वीर नहीं थी, फिर भी वह मन में अनगिनत दृश्य रच देता था। क्रिकेट की कमेंट्री में श्रोता गेंद की रफ्तार, स्टेडियम की हलचल और चौके की गूँज तक महसूस करता था। यही रेडियो का सम्मोहन था—दिखाए बिना दिखा देना। उसने श्रोता को केवल सुनने वाला नहीं, कल्पना का सह-रचनाकार बना दिया। आज पॉडकास्ट और इंटरनेट रेडियो उसी जादू को नए रूप में आगे बढ़ा रहे हैं; आवाज और मंच बदले हैं, दिल तक पहुँचने का रास्ता नहीं।




मेष राशि: मेष राशि वालों आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। आज बच्चों की तरफ से आपको गुड न्यूज़ मिल सकती है। इस राशि के आर्ट्स स्टूडेंट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है, आज आपके मन में नए विचार आयेंगे।

वृष राशि: वृष राशि वालों आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज बिजनेस के सिलसिले में आपकी विदेश यात्रा भी हो सकती है और ये यात्रा आपके लिए लाभदायक रहेगी। आज आपकी नौकरी में प्रमोशन हो सकता है, जिससे ऑफिस में आपकी छवि मजबूत बनेगी। आज किसी करीबी रिश्तेदारों के आने से आपके घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा।

मिथुन राशि: मिथुन राशि वालों आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक बना रहेगा। आज आपकी व्यापारिक गतिविधियां सुचारु रूप से चलती रहेंगी लेकिन आप लेन देन करते समय थोड़ी सतर्कता बरतें। आज आप अपने किसी करीबी दोस्त के साथ बाहर जा सकते हैं, बाहर का मौसम आपके स्वास्थ्य के लिए अच्छा रहेगा।

कर्क राशि: कर्क राशि वालों आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आप अपने पिता का काम में हाथ बटायेंगे, जिससे उन्हें खुशी मिलेगी। आज आप बच्चों के लिए घर में अलग अलग तरह की डिशेज बना सकती है।

सिंह राशि: सिंह राशि वालों आज का दिन आपके लिए उपयोगी बना रहेगा। आज आपके सारे रुके हुए काम पूरे हो जाएंगे। आज दुकानदारों के लिए का दिन अच्छा रहेगा, आज आपकी अच्छी आमदनी होने के योग बन रहें है।

कन्या राशि: कन्या राशि वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपको बिजनेस में बड़ी डील मिल सकती है, जिससे आपके व्यापार में ग्रोथ होगी। आज आपको किसी शुभ समाचार के मिलने का योग नजर आ रहा है।

तुला राशि: तुला राशि वालों आज आपकी नये कार्यों में रुचि बढ़ेगी जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आज आप व्यर्थ के खर्चो को कम करने का प्रयास करें तो आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आपको बिजनेस में दुगुना धन लाभ होगा, जिससे आर्थिक पक्ष पहले से अधिक मजबूत रहेगा।

वृश्चिक राशि: वृश्चिक राशि वालों आज का दिन के लिए खुशनुमा बना रहेगा। आज आप अपने बड़े बुजुर्ग का आशीर्वाद लेकर नया बिजनेस शुरू करें तो फायदा होना तय है। आज काम कमी अधिकता रहेगी इसलिए आज स्वास्थ्य के प्रति आप थोड़ी सावधानी रखें। इस राशि के लवमेट आज लॉन्ग ड्राइव पर जाने का प्लान बना सकते हैं।

धनु राशि: धनु राशि वालों आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज सभी काम आपके मन के मुताबिक पूरे होंगे, जिससे आपका आत्मविश्वास मजबूत होगा। आज ऑफिस में कुछ सहकर्मी आपके काम को लेकर आपकी तारीफ कर सकते हैं।

मकर राशि: मकर राशि वालों आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहेगा। आज आप खुद को अधिक ऊर्जावान महसूस करेंगे, जिससे आपका मन काम में लगेगा। अगर आज किसी जरूरी काम को पूरा करने की सोच रहे हैं तो वह आज समय से पहले पूरा कर लेंगे, लेकिन आज आपको पहले से योजना बनाकर चलने की जरूरत है।

कुम्भ राशि: कुम्भ राशि वालों आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपको कई दिनों से रुके हुए काम में सफलता मिल सकती है, जिससे मन में प्रसन्नता बनी रहेगी। आज आप किसी भी काम में जल्दबाजी करने से बचें, जिससे आपका काम शांति से हो जाये।

मीन राशि: मीन राशि वालों आज का दिन आपके लिए अनुकूल बना रहेगा। इस राशि के विवाहितों के लिए आज का दिन अच्छा है, आप जीवनसाथी के साथ कहीं बाहर डिनर पर जा सकते हैं।

# एक देश, हजार दफ्तर और हर काम की एक 'कीमत'

प्रो. आरके जैन अरिजीत

भारत में रिश्वत अब जेब से निकलकर व्यवस्था की आदत बन चुकी है; कई बार सामान्य नागरिक का काम बिना इस 'अतिरिक्त कीमत' के आगे बढ़ता ही नहीं। थाने की मेज से तहसील की फाइल, आरटीओ की खिड़की से पासपोर्ट कार्यालय तक—'कुछ करना पड़ेगा' जैसे वाक्यों ने भ्रष्टाचार को चुपचाप सामाजिक स्वीकृति दे दी है। इसी जड़ खामोशी को 2 जुलाई 2026 में दिल्ली के महाराजा अग्रसेन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के बीटेक छात्र आर्यन निषाद ने डिजिटल चुनौती दी। उन्होंने Bribes.fyi (ब्राइब्स डॉट एफवाईआई) बनाया—एक मंच, जहां नागरिक पहचान छिपाकर रिश्वत की मांग दर्ज कर सकते हैं। विभाग, शहर, रकम और रिश्वत दी या ठुकराई—इतनी जानकारी से ही भ्रष्टाचार का नया नक्शा उभरने लगा।

इस पहल की असली धार उसकी सादगी में थी। न लंबी शिकायत प्रक्रिया, न दफ्तरों की दौड़, न पहचान उजागर करने की मजबूरी। नागरिक के अनुभव को सीधे आंकड़े में ढाल दिया गया। शुरुआती रिपोर्टों में पुलिस विभाग सबसे आगे रहा; उसके बाद आरटीओ, राजस्व एवं भूमि रिकॉर्ड और पासपोर्ट कार्यालय सामने आए। 250 से अधिक शहरों से शिकायतें जुड़ीं और कई मामलों में मांगी गई रकम हजारों रुपये तक बताई गई। वेबसाइट ने स्पष्ट किया कि आंकड़े स्वैच्छिक रिपोर्टों पर आधारित हैं, पूरे भारत का वैज्ञानिक सर्वेक्षण नहीं। फिर भी सीमित दायरे ने इसका महत्व कम नहीं किया। पहली बार लोगों की बिखरी पीड़ा एक साझा, सार्वजनिक डिजिटल तस्वीर में उभरने लगी।

सबसे चुभता संकेत शायद आंकड़ों के बीच छिपा वही सच था—कई लोगों ने रिश्वत देने से इनकार किया और फिर भी उनका काम हो गया। यह भ्रष्टाचार की उस पुरानी दलील पर सीधा सवाल है कि रिश्वत हर बार 'मजबूरी' होती है। जब बिना पैसे काम हो सकता है, तो फिर पैसे की मांग क्यों? Bribes.fyi ने यही सवाल समाज के सामने रख दिया। यहां भ्रष्टाचार अब धुंधली चर्चा नहीं, बल्कि रकम, विभाग और स्थान के साथ दर्ज अनुभव था। मानचित्र पर उभरते बिंदु महज शिकायतें नहीं थे; वे उस नागरिक आक्रोश के निशान थे, जिसे सरकारी फाइलें और मौखिक शिकायतें अक्सर निगल जाती हैं।किसी छोटे डिजिटल प्रयोग का इतनी तेजी से सार्वजनिक बहस बन जाना असाधारण था। कुछ ही घंटों में लाखों क्लिक और 50 लाख से अधिक (करीब 5 मिलियन) रिक्वेस्ट की खबरों ने Bribes.fyi को राष्ट्रीय चर्चा में ला दिया। सोशल मीडिया पर छात्रों, नागरिकों और तकनीक से जुड़े लोगों में चर्चा तेज हुई। एंजेल इन्वेस्टर डॉ. अनिरुद्ध मालपानी की 30,000 की मदद ने इसके आगे बढ़ने की संभावना दिखाई। लेकिन लोकप्रियता के साथ दुरुपयोग, शिकायतों की विश्वसनीयता, कानूनी सुरक्षा और वित्तीय ढांचे के सवाल उठे। वेबसाइट स्वेच्छा से ऑफलाइन कर दी गई। टीम ने इसे सावधानी का कदम बताया। बाद में अनिश्चितकालीन ब्रेक की घोषणा करते हुए डेटा स्थायी रूप से डिलीट करने और वेबसाइट हमेशा के लिए बंद करने की बात कही गई; फिर भी डेटा और कानूनी ढांचे पर सवाल बने रहे।

Bribes.fyi की असली कहानी कोड से आगे, लोकतंत्र की उस जमीन पर शुरू होती है जहां नागरिक और व्यवस्था आमने-सामने होते हैं। वेबसाइट बनाना आसान है, लेकिन उसे सुरक्षित, भरोसेमंद और लंबे समय तक जनहित में चलाना कठिन। भारत में सरकारी शिकायत तंत्र मौजूद हैं, फिर भी कई नागरिक वहां जाने से कतराते हैं—डर रहता है कि काम न अटके, अधिकारी नाराज न हो या शिकायतकर्ता की पहचान मुसीबत न बन जाए। गुमनाम रिपोर्टिंग ने इसी डर में एक दरार खोली। मगर वायरल होने के बाद मंच संभालना कठिन हो गया। इससे स्पष्ट है—तकनीक अकेले भ्रष्टाचार की जड़ नहीं काट सकती; उसे कानूनी संरक्षण, सख्त मॉडरेशन, विश्वसनीय सत्यापन और संस्थागत सहयोग चाहिए।अब प्रश्न यह नहीं कि Bribes.fyi कितनी शिकायतें बटोर सकता था; असली प्रश्न है—उनका अंजाम क्या होता? यदि किसी विभाग, शहर या कार्यालय से बार-बार रिश्वत की शिकायतें मिलें, तो क्या निगरानी तंत्र हरकत में आना चाहिए? क्या ऐसे आंकड़े भ्रष्टाचार-रोधी एजेंसियों के लिए शुरुआती चेतावनी बन सकते हैं? नागरिक जोखिम लेकर सूचना दे और व्यवस्था उसे महज डिजिटल शोर मानकर टाल दे, तो शिकायत मंच का मकसद अधूरा रहेगा। आर्यन निषाद ने एआई की मदद से कोड लिखा और मनीष सहानी जैसे सहयोगियों के साथ एक सरल विचार को सार्वजनिक प्रयोग में बदल दिया। अब असली कसौटी उस व्यवस्था की है, जिसे इस आईने में अपना चेहरा साफ दिखाई दे रहा है। इस प्रयोग की सबसे उम्मीदभरी तस्वीर युवा भारत की बेचैनी में दिखती है। नई पीढ़ी भ्रष्टाचार पर सिर्फ बहस नहीं, उसके खिलाफ औजार बनाना चाहती है। कोई ऐप बना सकता है, कोई डेटा सहेज सकता है, कोई मानचित्र बना सकता है और कोई सोशल मीडिया से सवाल लाखों तक पहुंचा सकता है। यदि Bribes.fyi मजबूत कानूनी आधार, विश्वसनीय सत्यापन और जिम्मेदार डेटा-सुरक्षा के साथ लौटता है, तो यह नागरिक भागीदारी की मिसाल बन सकता है। और अगर नहीं लौटता, तब भी उसका असर नहीं मिटेगा।



# सपा नेता आजम खान के ठिकानों पर ईडी की बड़ी कार्रवाई, जौहर यूनिवर्सिटी से जुड़े 10 ठिकानों पर छापेमारी

लखनऊ ,(आरएनएस)। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान के ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय की छापेमारी जारी है। ईडी की टीम ने बुधवार सुबह से रामपुर, सहारनपुर और दिल्ली समेत करीब 10 ठिकानों पर एक साथ कार्रवाई शुरू की है। यह कार्रवाई जौहर यूनिवर्सिटी के निर्माण में कथित तौर पर काले धन के इस्तेमाल से जुड़े मामले में की जा रही है। जानकारी के मुताबिक, ट्रस्ट और यूनिवर्सिटी से जुड़े परिसरों को भी जांच के दायरे में लिया गया है।

आजम खान के खिलाफ दर्ज कई दर्जन मामलों की जानकारी ईडी के साथ साझा किए जाने के बाद यह कार्रवाई की जा रही है। एजेंसी जौहर यूनिवर्सिटी के निर्माण और उससे जुड़े वित्तीय लेन-देन की जांच कर रही है।

जौहर यूनिवर्सिटी पिछले कुछ समय से लगातार सुर्खियों में है। यूनिवर्सिटी में कथित अनियमितताओं के चलते इसकी 40 में से 38 इमारतों को गिराए जाने का खतरा पैदा हो गया था। हालांकि, इस मामले में अदालत ने फिलहाल रोक लगा रखी है।

मुरादाबाद कमिश्नर कोर्ट ने यूनिवर्सिटी की 38 इमारतों को गिराने के रामपुर विकास प्राधिकरण के आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है। मामले में अगली सुनवाई 25 अगस्त को होनी है।

जौहर यूनिवर्सिटी से जुड़े मामले में 17 जून को जारी नोटिस के बाद कार्रवाई शुरू हुई थी। इसके बाद टैक्स विभाग ने 23 जून को एक और नोटिस जारी किया। इसमें यूनिवर्सिटी का संचालन करने वाले मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट का रजिस्ट्रेशन कथित तौर पर कई नियमों के उल्लंघन के चलते रद्द कर दिया गया था। साथ ही ट्रस्ट को अपना स्टेटस बदलकर 'एसोसिएशन ऑफ पर्सन्स' करने का निर्देश दिया गया था। अब ईडी की ताजा छापेमारी से जौहर यूनिवर्सिटी और आजम खान से जुड़े मामलों में जांच और तेज होने के संकेत हैं।

# दविंदर बंबीहा गैंग के तीन वांटेड सदस्य मलेशिया से डिपोर्ट, पंजाब पुलिस ने दिल्ली एयरपोर्ट पर किया गिरफ्तार

चंडीगढ़ ,(आरएनएस)। पंजाब पुलिस को अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध के खिलाफ एक बड़ी कामयाबी मिली है। काउंटर इंटेलिजेंस विंग के ओवरसीज फ्यूजिटिव ट्रैकिंग एंड एक्सट्रैडिशन सेल (ओएफटीईसी) ने केंद्रीय एजेंसियों की मदद से दविंदर बंबीहा गैंग से जुड़े तीन वांटेड सदस्यों को मलेशिया से डिपोर्ट करवाया है। यह जानकारी पंजाब डीजीपी की ओर से एक्स पर पोस्ट कर दी गई।

पंजाब पुलिस ने बताया कि इन तीनों लोगों पर हत्या, जबरन वसूली, विस्फोटक रखने और लुधियाना में एक सुनियोजित हैंड-ग्रेनेड धमाके (जिसके तार पाकिस्तान की आईएसआई से जुड़े थे) जैसे कई मामलों में आरोप हैं। आरोपी जसप्रीत सिंह उर्फ जस बेहबल, अजय सिंह और पवनदीप सिंह को नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहुंचने पर गिरफ्तार कर लिया गया है और आगे की जांच के लिए उसे पंजाब लाया जा रहा है।

डीजीपी ने कहा कि पंजाब पुलिस अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध नेटवर्क को खत्म करने के लिए लगातार काम कर रही है। भगोड़े चाहे कहीं भी छिपे हों, हम उन्हें ढूंढ निकालेंगे और कानून के दायरे में लाएंगे।इसके पहले अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने पुलिस के एक ठिकाने को निशाना बनाने की आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया था और 690 ग्राम वजन का एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) बरामद किया था। एक इलेक्ट्रॉनिक डेटोनेटर, बैटरी, टाइमर और लोहे का डिब्बा भी मिला था।

# प्रधानमंत्री ने कोलकाता अग्निकांड में हुई जानमाल की हानि पर दुख व्यक्त किया

नई दिल्ली,(आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कोलकाता में अग्निकांड में हुई जानमाल की हानि पर गहरा दुख व्यक्त किया है।प्रधानमंत्री ने इस त्रासदी में अपने प्रियजनों को खोने वाले लोगों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। उन्होंने कहा कि स्थानीय प्रशासन प्रभावित लोगों की सहायता कर रहा है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक्स पर पोस्ट किया;कोलकाता में आग लगने की घटना में हुई जानमाल की हानि के बारे में जानकर बहुत दुख हुआ। इस त्रासदी में अपने प्रियजनों को खोने वाले लोगों के प्रति गहरी संवेदना। घायल व्यक्ति शीघ्र स्वस्थ हों। स्थानीय प्रशासन प्रभावित लोगों की सहायता कर रहा है।

# रक्षा सहयोग को और मजबूत बनाने के लिए रक्षा मंत्री अपने जापानी समकक्ष के साथ नई दिल्ली में द्विपक्षीय वार्ता करेंगे

नई दिल्ली, (आरएनएस)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 20 अगस्त, 2026 को नई दिल्ली में जापान के रक्षा मंत्री शिंजीरो कोइजुमी के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। इस बैठक से द्विपक्षीय रक्षा संबंधों को और मजबूत करने, रणनीतिक विश्वास और सहयोग बढ़ाने, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता और सुरक्षा को बढ़ावा देने तथा सहयोग के नए क्षेत्रों की पहचान किए जाने की आशा है।

जापान द्वारा रक्षा उपकरण एवं प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के तीन सिद्धांतों में संशोधन के बाद, दोनों मंत्री मेक-इन-इंडिया प्रारूप के अंतर्गत गहन समुद्री सुरक्षा सहयोग और रक्षा उपकरण एवं प्रौद्योगिकी सहयोग को बढ़ावा देने के लिए विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। यह बैठक द्विपक्षीय रक्षा एवं सुरक्षा सहयोग को और आगे बढ़ाने के लिए एक कार्ययोजना तैयार करने का अवसर प्रदान करती है।

भारत की अपनी पहली यात्रा पर आए शिंजीरो कोइजुमी ने 19 अगस्त, 2026 को मुंबई स्थित पश्चिमी नौसेना कमान का दौरा किया, जहां उन्होंने नौसेना प्रमुख एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन और पश्चिमी नौसेना कमान के ध्वज अधिकारी कमान प्रमुख वाइस एडमिरल संजय वत्सयान के साथ चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल को भारतीय नौसेना की भूमिकाओं, जिम्मेदारियों और परिचालन क्षमताओं के बारे में जानकारी दी गई।

# वन, वन्यजीव और समुदायों की रक्षा को सफलता का पैमाना बनाएं : उपराष्ट्रपति

## -विकास और संरक्षण साथ-साथ चल सकते हैं : उपराष्ट्रपति

देहरादून, (ए.)। उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने बुधवार को कहा कि विकास और पर्यावरण संरक्षण एक-दूसरे के विरोधी नहीं हैं, बल्कि दोनों को साथ लेकर आगे बढ़ा जा सकता है। उन्होंने वन, वन्यजीव और स्थानीय समुदायों की रक्षा को सफलता का पैमाना बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आधुनिक वैज्ञानिक वानिकी और भारत के सभ्यतागत ज्ञान का समन्वय सतत भविष्य के निर्माण की कुंजी है। उपराष्ट्रपति देहरादून स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी (आईजीएनएफए) में भारतीय वन सेवा के 2025-27 बैच के परिवीक्षार्थियों और प्रशिक्षण ले रहे रॉयल भूटान वन सेवा के अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आने वाले दशकों में इन अधिकारियों पर देश के वन, वन्यजीव, जैव विविधता और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण एवं प्रबंधन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होगी।उन्होंने कहा कि विकसित भारत@ 2047 की दिशा में आगे बढ़ते हुए भारतीय वन सेवा की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। देश की पारिस्थितिक सुरक्षा मजबूत करने और वर्ष 2070 तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन के लक्ष्य को हासिल करने में वन सेवाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा।




राधाकृष्णन ने अधिकारियों से संरक्षण और विकास, पारिस्थितिक सुरक्षा और आजीविका और वर्तमान आवश्यकताओं और भावी पीढ़ियों के हितों के बीच संतुलन स्थापित करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत उत्कृष्टता से अधिक महत्वपूर्ण टीम की उत्कृष्टता है और निरंतर सामूहिक प्रयासों से ही मजबूत संस्थानों और राष्ट्र का निर्माण होता है। उन्होंने वनों और प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्रों के साथ पीढ़ियों से सामंजस्य बनाकर रहने वाले समुदायों के पारंपरिक ज्ञान का सम्मान करने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों को अपनाना आवश्यक है। उपराष्ट्रपति ने लोक सेवा में सत्यनिष्ठा को सर्वोच्च महत्व देते हुए कहा कि सत्यनिष्ठा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। कठिन निर्णय लेते समय संविधान, कानून, विज्ञान और व्यापक जनहित को मार्गदर्शक बनाया जाना चाहिए।वानिकी क्षेत्र में तकनीक की बढ़ती भूमिका का उल्लेख करते हुए उन्होंने नई पीढ़ी के वन अधिकारियों से रिमोट सेंसिंग, जीआईएस, ड्रोन, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डेटा आधारित प्रणालियों का उपयोग क्षेत्रीय अनुभव, विवेकपूर्ण निर्णय क्षमता और जनसंवेदनशीलता के साथ करने का आह्वान किया।उन्होंने वन सेवाओं में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को उत्साहजनक बदलाव बताते हुए कहा कि वर्तमान बैच में लगभग 17 प्रतिशत महिलाएं हैं। इसे उन्होंने नारी शक्ति की बढ़ती भागीदारी का प्रमाण बताया।

# कोलकाता के होटल में भीषण आग : बच्चे समेत 9 लोगों की मौत, छह लोग अस्पताल में भर्ती



कोलकाता (आरएनएस)। कोलकाता के न्यू मार्केट इलाके की फ्री स्कूल स्ट्रीट स्थित होटल में मंगलवार-बुधवार की मध्यरात्रि भीषण आग लगने से एक बच्चे समेत नौ लोगों की मौत हो गई। हादसे में छह अन्य लोग घायल हुए हैं, जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना पर दमकल की चार गाड़ियों और आपदा प्रबंधन टीम ने मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव अभियान चलाया और आग पर काबू पाया।

अग्निशमन विभाग के मुताबिक, आग रात में करीब दो बजे मिर्जा गालिब स्ट्रीट के पास स्थित होटल में लगी। शुरुआती जानकारी के अनुसार, होटल से सबसे पहले धुआं निकलता दिखाई दिया। बताया जा रहा है कि आग होटल से बाहर निकलने वाले रास्ते के आसपास फैल गई थी। आधी रात के समय आग लगने के कारण होटल में ठहरे कई लोगों को घटना की जानकारी देर से हुई।

धुएं के कारण कई लोग होटल के अंदर फंस गए। दमकलकर्मियों ने राहत अभियान चलाकर लोगों को बाहर निकाला। नौ लोगों को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। मृतकों में एक बच्चा भी शामिल है। रिपोर्टों के अनुसार, मृतकों में बांग्लादेशी नागरिक भी थे, जो इलाज के लिए कोलकाता आए हुए थे।

आग लगने की वजह को लेकर फिलहाल आधिकारिक तौर पर कुछ स्पष्ट नहीं किया गया है।

# कुर्सी नहीं, तो ट्रेन भी आगे नहीं जाएगीज' गार्ड की जिद से थमे वैशाली एक्सप्रेस के पहिए, रेलवे महकमे में हड़कंप

गोरखपुर, (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के गोरखपुर रेलवे स्टेशन से एक बेहद ही हैरान कर देने वाला और अजब-गजब मामला सामने आया है। यहां एक छोटी सी मांग पूरी न होने पर एक महत्वपूर्ण और वीआईपी ट्रेन के पहिए अचानक थम गए। नई दिल्ली से ललितग्राम जा रही वैशाली एक्सप्रेस के गार्ड को जब बैठने के लिए सही कुर्सी नहीं मिली, तो वह इस कदर नाराज हुआ कि उसने ट्रेन को आगे ले जाने से ही साफ इनकार कर दिया। गार्ड की इस जिद से रेलवे अधिकारियों के हाथ-पांव फूल गए और स्टेशन पर भारी अफरा-तफरी का माहौल बन गया। काफी मान-मनौव्वल के बाद जाकर ट्रेन आगे के सफर के लिए रवाना हो सकी।

## टूटी कुर्सी देख भड़का गार्ड, ड्यूटी करने से किया इनकार

जानकारी के मुताबिक, 18 अगस्त की सुबह नई दिल्ली-ललितग्राम वैशाली एक्सप्रेस (15566) सुबह करीब 9~47 बजे गोरखपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर पहुंची थी। यहां से ट्रेन को आगे ले जाने के लिए गार्ड रामाशीष दास को चार्ज लेना था। लेकिन जब वह गार्ड यान (केबिन) में पहुंचे, तो वहां बैठने वाली कुर्सी टूटी हुई थी। यह देखकर रामाशीष दास भड़क गए और उन्होंने टूटी कुर्सी के सहारे या खड़े होकर ड्यूटी करने से मना कर दिया, जिससे पूरी ट्रेन स्टेशन पर ही खड़ी रह गई।

## टूल बॉक्स नहीं होने से गहराया विवाद

बताया जा रहा है कि जो गार्ड लखनऊ से गोरखपुर तक की ड्यूटी करके आए थे, उन्होंने अपने टूल बॉक्स पर बैठकर ही जैसे-तैसे सफर पूरा किया था। लेकिन गोरखपुर से बरौनी के लिए जो चार्ज रामाशीष दास ले रहे थे, उनके पास टूल बॉक्स की जगह ट्रॉली बैग था, जिस पर बैठना मुमकिन नहीं था। स्टेशन प्रबंधन की तरफ से कोई संतोषजनक जवाब न मिलने पर उन्होंने खड़े होकर सफर करने से सख्त ऐतराज जताया और स्टेशन अधीक्षक को एक लिखित मेमो भेज दिया। मेमो में स्पष्ट लिखा गया कि वह बिना कुर्सी के ट्रेन लेकर किसी भी सूरत में नहीं जाएंगे। आश्वासन के बाद 38 मिनट की देरी से चली ट्रेनगार्ड के इस सख्त रवैये के बाद रेल अधिकारियों में हड़कंप मच गया।

# नियुक्ति परीक्षाओं में गड़बड़ियों पर बड़ी कार्रवाई, 22 परीक्षाएं रद्द; 2628 अफसरों-कर्मियों की नौकरी खत्म होगी

रांची (आरएनएस)। झारखंड में नियुक्ति परीक्षाओं में गड़बड़ियों के खिलाफ राज्य सरकार ने अब तक सबसे बड़ी कार्रवाई की है। सीआईडी और एसआईटी की जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर सरकार ने जेपीएससी और जेएसएससी की ओर से आयोजित 22 परीक्षाएं एक साथ रद्द कर दी हैं।

इन फैसलों से 2,628 चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्तियां प्रभावित हुई हैं। इनमें 11वीं से 13वीं जेपीएससी परीक्षा से नियुक्त 342 अधिकारी, 54 फॉरेस्ट रेंज ऑफिसर, 63 एसडीपीओ, 237 महिला पर्यवेक्षिका और जेएसएससी-सीजीएल से नियुक्त 1,932 कर्मचारी शामिल हैं। ये सभी लोग अलग-अलग विभागों में नौकरी कर रहे थे या इनकी नियुक्ति के आदेश जारी कर दिए थे।

सरकार ने छह अन्य परीक्षाओं की प्रक्रिया अगले आदेश तक स्थगित कर दी है, जबकि वर्ष 2014 से लेकर अब तक आयोजित 17 भर्ती परीक्षाओं में अनियमितताओं की जांच का आदेश दिया है। राज्य सरकार के कार्मिक विभाग ने मंगलवार रात 11.45 बजे इससे संबंधित कुल आठ अधिसूचनाएं जारी की हैं। विभाग के सचिव प्रवीण कुमार टोप्पो के हस्ताक्षर से जारी अधिसूचनाओं में बताया गया है कि ये फैसले सीआईडी और एसआईटी की जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर लिए गए हैं।

सरकार के फैसले के तहत जेएसएससी की विज्ञापन संख्या 10/2023 के तहत आयोजित संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा यानी जेएसएससी-सीजीएल को रद्द कर दिया गया है। इस परीक्षा के माध्यम से 1,932 अभ्यर्थियों की नियुक्ति हुई थी। इसके अलावा झारखंड संयुक्त असैनिक सेवा प्रतियोगिता परीक्षा 2023 और 2025 की नियमित एवं बैकलॉग परीक्षाएं भी रद्द की गई हैं।

# तमिलनाडु में सीएम विजय के दो बड़े ऐलान, हेल्थ बीमा कवर 5 लाख से बढ़ाकर 25 लाख, दूध खरीद मूल्य में भी 3 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी

चेन्नई (आरएनएस)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने बुधवार को राज्य के लोगों और दूध उत्पादकों के लिए दो बड़े फैसलों का ऐलान किया। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री व्यापक स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत सालाना स्वास्थ्य बीमा कवर को 5 लाख रुपये से बढ़ाकर 25 लाख रुपये करने की घोषणा की। इसके साथ ही सरकारी डेयरी कंपनी आविन के लिए दूध खरीद मूल्य 38 रुपये से बढ़ाकर 41 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है।



## स्वास्थ्य बीमा कवर में पांच गुना बढ़ोतरी

मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं किसी व्यक्ति के लिए महज सुविधा नहीं, बल्कि उसका मूल अधिकार हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य लोगों की आय और उनके रहने के स्थान की परवाह किए बिना सभी को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरकार की ओर से कई नई पहल भी शुरू की जा रही हैं।

## दूध उत्पादकों को अब मिलेंगे 41 रुपये प्रति लीटर

मुख्यमंत्री ने सरकारी डेयरी कंपनी आविन की ओर से किसानों से खरीदे जाने वाले दूध की कीमत में भी बढ़ोतरी का ऐलान किया। अब दूध उत्पादकों को 38 रुपये के बजाय 41 रुपये प्रति लीटर का भुगतान किया जाएगा। इसमें राज्य सरकार की ओर से 3 रुपये प्रति लीटर की प्रोत्साहन राशि भी शामिल होगी।

विधानसभा में नियम 110 के तहत घोषणा करते हुए सीएम विजय ने कहा कि राज्य की आर्थिक स्थिति चुनौतीपूर्ण होने के बावजूद सरकार ने दूध उत्पादकों की आय और उनके हितों को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया है।

## 3.16 लाख से अधिक दूध उत्पादकों को फायदा

सरकार के इस फैसले से तमिलनाडु के 3.16 लाख से अधिक दूध उत्पादकों को लाभ मिलने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री के मुताबिक, दूध खरीद मूल्य बढ़ाने से राज्य सरकार पर हर महीने करीब 30 करोड़ रुपये का अतिरिक्त वित्तीय बोझ आएगा।

## डीएमके सरकार पर साधा निशाना

सीएम विजय ने दूध खरीद मूल्य के मुद्दे पर पिछली डीएमके सरकार पर भी निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली सरकार ने दूध उत्पादकों की आय बढ़ाने और खरीद मूल्य में वृद्धि करने की दिशा में कोई ठोस प्रयास नहीं किया।

# सत्येंद्र जैन को फिर बीजेपी ने गिरफ्तार करवा दिया, पिछला केस भी फर्जी था, ये भी फर्जी है : केजरीवाल



नई दिल्ली,(आरएनएस)। आम आदमी पार्टी ने पंजाब के सह प्रभारी और पूर्व जल मंत्री सत्येंद्र जैन की एक बार फिर झूठे केस में गिरफ्तारी पर बीजेपी को आड़े हाथ लिया है। पार्टी इस कार्रवाई को पंजाब में होने वाले चुनाव से जोड़कर भी देख रही है। ''आप'' के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि सत्येंद्र जैन को फिर बीजेपी ने झूठे केस में गिरफ्तार करवा दिया। पिछला केस भी फर्जी था और ये केस भी फर्जी साबित होगा। उन्होंने पूछा कि आखिर भाजपा की ये तानाशाही कब तक चलेगी? जिसे मन करता है, उसे झूठे केस लगाकर जेल में डाल देती है। लेकिन अब बीजेपी के पाप का घड़ा भर चुका है। ये चाहे जितनी तानाशाही कर लें, अब मोदी सरकार का अंत तय है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि सत्येन्द्र जैन को एक बार फिर बीजेपी ने गिरफ्तार करवा दिया है। अभी कुछ वक्त पहले इन लोगों ने जेल में डालकर उनकी जो दुर्दशा की थी, वह सबको याद है। पिछला केस भी फर्जी था और यह केस भी फर्जी साबित होगा। उन्होंने कहा कि इनका झूठ एक बार फिर देश के सामने आएगा, लेकिन जेल में बिताए उस वक्त और मानसिक प्रताड़ना की भरपाई कौन करेगा? बीजेपी के पाप का घड़ा अब भर चुका है। ये चाहे जितनी तानाशाही कर लें, अब मोदी सरकार का अंत तय है। पूरी आम आदमी पार्टी और देश की जनता सत्येन्द्र जैन के साथ मज़बूती से खड़ी है। सत्येंद्र जैन की गिरफ्तारी पर आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और पंजाब के प्रभारी मनीष सिसोदिया ने कहा कि पंजाब चुनाव से ठीक पहले पंजाब के सहप्रभारी सत्येंद्र जैन को गिरफ्तार किया गया है। पहले भी उनको ढाई साल तक फ़र्ज़ी मामले में जेल में रखा और अब फिर एक और फ़र्ज़ी मामला। जेन-जी आंदोलन से लेकर राम मंदिर में चंदाचोरी और ई-20 तक के मुद्दों पर घिरी बीजेपी अब फिर से ईडी-एसीबी और सीबीआई के पुराने चुनावी हथकंडे पर उतर आई है। वहीं, आप वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा कि आप पंजाब के सह प्रभारी सत्येंद्र जैन को गिरफ्तार कर लिया गया है।

भाजपा सरकार की यही नीति है कि जो सरकार काम करे, उसे डिस्टर्ब करो, उसे रोको और उस पर हर तरीके से दबाव बनाओ। दिल्ली चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन और मुझे गिरफ्तार कर लिया गया था। इसका मकसद सिर्फ एक था कि दिल्ली का चुनाव डिस्टर्ब किया जाए और येन-केन-प्रकारेण, साम-दाम-दंड-भेद लगाकर हर तरीके से चुनाव जीता जाए। संजय सिंह ने बताया कि अब यही काम ये लोग पंजाब चुनाव से पहले कर रहे हैं। पहले संजीव अरोड़ा को गिरफ्तार किया जाता है, फिर अनाप-शनाप छापे मारे जाते हैं और आज फिर से पंजाब के सह प्रभारी सत्येंद्र जैन को गिरफ्तार कर लिया गया, जो वहां संगठन का काम कर रहे थे। पंजाब चुनाव को प्रभावित करने के लिए यह सब किया जा रहा है क्योंकि केंद्र में बैठी भाजपा सरकार बौखलाई हुई है।

# धमाल के राइट्स बेचने के नाम पर 1.50 करोड़ की ठगी, निर्देशक इंद्र कुमार और निर्माता अशोक ठाकरिया के खिलाफ केस दर्ज

मुंबई, (आरएनएस)। मुंबई के फिल्म उद्योग से धोखाधड़ी और जालसाजी का एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। बॉलीवुड की सबसे लोकप्रिय कॉमेडी फिल्मों में से एक धमाल के डिस्ट्रीब्यूशन, डिजिटल और कॉपीराइट्स बेचने के नाम पर एक नामी डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के साथ 1.50 करोड़ की बड़ी ठगी का खुलासा हुआ है।

इस मामले में अंबोली पुलिस ने 17 अगस्त 2026 को प्रसिद्ध फिल्म निर्माता अशोक नवल कुमार ठाकरिया और दिग्गज निर्देशक इंद्र कुमार के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह कार्रवाई अंधेरी पश्चिम स्थित प्रमुख फिल्म डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ग्रैंड मास्टर के मालिक विकास बलदेवराज साहनी द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी के आधार पर की गई है।

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि निर्माता-निर्देशक की कंपनी मारुति इंटरनेशनल ने उनके साथ फर्जीवाड़ा कर भारी वित्तीय नुकसान पहुंचाया है। विकास साहनी के अनुसार, 15 अक्टूबर 2019 को मारुति इंटरनेशनल के साथ उनकी कंपनी ग्रैंड मास्टर का एक आधिकारिक एग्रीमेंट हुआ था। इसके तहत सुपरहिट फिल्म धमाल' (संजय दत्त, अरशद वारसी, रितेश देशमुख स्टारर) के ऑल-वर्ल्ड डिस्ट्रीब्यूशन, राइट्स और कॉपीराइट्स 1.50 करोड़ में स्थायी रूप से खरीदे गए थे। सौदे के दौरान निर्माताओं ने आश्वासन दिया था कि फिल्म के अधिकार किसी अन्य तीसरे पक्ष को नहीं बेचे गए हैं। हालांकि, बाद में खुलासा हुआ कि आरोपियों ने 2015 में ही इस फिल्म के लाइफटाइम ओटीटी व डिजिटल राइट्स शेमारू एंटरटेनमेंट लिमिटेड को बेच दिए थे।

आरोप है कि धोखाधड़ी सामने आने के बाद आरोपियों ने बॉन्ड पेपर पर एक फर्जी एग्रीमेंट दिखाया और अक्टूबर 2020 में शेमारू के साथ एक संशोधित करार कर ग्रैंड मास्टर के कानूनी अधिकारों को दबाने का प्रयास किया।

# पाकिस्तानी मौलवी का दावा, लश्कर-ए-तैयबा के प्रमुख हाफिज सईद ने 10,000 आतंकियों को भेजा था जम्मू-कश्मीर



इस्लामाबाद (आरएनएस)। पाकिस्तान के मौलवी नासिर मदनी ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक हाफिज सईद को लेकर बड़ा दावा किया है। मदनी के अनुसार हाफिज सईद ने जम्मू-कश्मीर में 10 हजार से अधिक युवाओं को आतंकवादी गतिविधियों के लिए भेजा था। उन्होंने यह बात पाकिस्तान मरकजी मुस्लिम लीग की ओर से बहावलपुर में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कही।

मदनी का यह बयान पाकिस्तान के स्वतंत्रता दिवस 14 अगस्त को आयोजित कार्यक्रम में सामने आया। सभा में उन्होंने जेल में बंद हाफिज सईद की प्रशंसा करते हुए उसके कार्यों को कथित तौर पर 'बलिदान' के रूप में पेश किया। मदनी के भाषण का एक अंश सामने आने के बाद यह मामला चर्चा में आया है।

मदनी ने अपने संबोधन में हाफिज सईद का बचाव करते हुए कहा कि उसने कथित तौर पर कश्मीर के लिए बड़ी संख्या में युवाओं को समर्पित किया। उन्होंने सईद के जेल में होने का उल्लेख करते हुए कहा कि वह वहां भी पूरी तरह शांत है।

नासिर मदनी हाल ही में एक कार्यक्रम के दौरान मंच पर दिल का दौरा पड़ने के बाद भी चर्चा में रहे थे। बहावलपुर की सभा में उनके संबोधन के दौरान हाफिज सईद की गतिविधियों का जिस तरह उल्लेख किया गया, उसने पाकिस्तान स्थित आतंकी नेटवर्क को लेकर फिर सवाल खड़े कर दिए हैं।

मदनी का यह बयान ऐसे समय आया है, जब भारत की राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने 6 जुलाई 2026 को पहलगाम आतंकी हमले के मामले में हाफिज सईद के खिलाफ पूरक आरोपपत्र दाखिल किया है। एनआईए ने उसे पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा और उसके सक्रिय सहयोगी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट का प्रमुख तथा संस्थापक बताते हुए आरोपपत्र में नामजद किया है।

एनआईए के अनुसार 22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों ने धर्म के आधार पर लक्षित हमला किया था। इस हमले में 25 पर्यटकों और एक स्थानीय नागरिक समेत 26 लोगों की मौत हुई थी। एजेंसी ने हाफिज सईद पर भारत के खिलाफ युद्ध छेड़ने और सीमा पार से साजिश रचने से संबंधित आरोप भी लगाए हैं।

हाफिज सईद लंबे समय से भारत के खिलाफ आतंकी गतिविधियों और आतंकवाद के वित्तपोषण से जुड़े मामलों को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विवादों में रहा है। वह पाकिस्तान में आतंकवाद के वित्तपोषण से संबंधित मामलों में जेल की सजा काट रहा है।

भारत सरकार की ओर से हाफिज सईद को आतंकवादी घोषित किया जा चुका है। उसका नाम भारत के गैरकानूनी गतिविधियां (निवारण) अधिनियम की चौथी अनुसूची में भी दर्ज है।

नासिर मदनी के कथित बयान ने पाकिस्तान में सक्रिय उन संगठनों और नेटवर्क को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े किए हैं, जिन पर भारत लंबे समय से आतंकवाद को बढ़ावा देने और जम्मू-कश्मीर में हिंसा फैलाने के आरोप लगाता रहा है। हाफिज सईद को लेकर मदनी का दावा ऐसे समय सामने आया है, जब पहलगाम हमले की जांच में एनआईए ने पाकिस्तान स्थित आतंकी तंत्र और उसकी कथित साजिश की पड़ताल तेज कर रखी है।

### यूएई ने ईरान को दिया समुद्री नौवहन पर हमले का जवाब, सभी तरह के व्यापारिक रिश्ते तोड़े, अमेरिकी तेवर भी कठोर

अबूधाबी/वाशिंगटन, (आरएनएस)। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल हमले के बाद बड़ा कदम उठाया है। यूएई ने आज तत्काल प्रभाव से ईरान के साथ सभी तरह के व्यापार, वाणिज्यिक आदान-प्रदान और वित्तीय लेनदेन पर रोक लगा दी। यूएई ने यह कदम क्षेत्र में बढ़ती अस्थिरता, क्षेत्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए बढ़ते खतरों को देखते हुए उठाया है। यूएई विदेश मंत्रालय के रणनीतिक संचार विभाग की निदेशक अफरा अल हमेली ने इस फैसले की घोषणा की। उन्होंने कहा कि ये प्रतिबंध अगली सूचना तक लागू रहेंगे। मध्य पूर्व में बढ़ रहे तनाव के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान के साथ कोई बातचीत नहीं हो रही। होर्मुज जलडमरूमध्य अब अमेरिकी क्षेत्र में है।गल्फ न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, समुद्री नौवहन (जलपरिवहन मार्गदर्शन) निशाना बनाने वाली ईरान की दो बैलिस्टिक मिसाइलें समुद्र में गिरने के बाद, यूएई ने ईरान के साथ सभी गतिविधियों, व्यापारिक लेन-देन और वित्तीय लेन-देन को अगले आदेश तक रोक दिया है।

## ईरान ने खाड़ी देशों को चेतावनी दी, कहा- युद्ध में अमेरिका की सहायता बंद करो

तेहरान,(आरएनएस)। ईरान की सशस्त्र बल ने बुधवार को खाड़ी देशों को अमेरिका की सहायता करने के खिलाफ चेतावनी दी है। ईरान के चीफ ऑफ स्टाफ मेजर जनरल अली अब्दुल्लाही ने कहा कि अमेरिका की सहयता करना अमेरिकी सैन्य अभियानों में शामिल होने के बराबर होगा। अब्दुल्लाही ने एक्स पर लिखा, हम चेतावनी देना चाहते हैं कि हमलावर अमेरिकी सेना को दी गई कोई भी सहायता या सुविधा अमेरिकी सैन्य अभियान में भागीदारी के बराबर है। अब्दुल्लाही ने कहा, ऐसा प्रतीत नहीं होता कि इतनी बड़ी संख्या में सैन्य विमान, विशेष रूप से ईंधन भरने वाले विमान, मेजबान देशों की जानकारी के बिना क्षेत्रीय ठिकानों पर मौजूद हो सकते हैं।उन्होंने कहा कि फारस की खाड़ी से सटे जिन देशों ने अपने-अपने बयान जारी कर कहा है कि वे अमेरिका को ईरान के खिलाफ अपनी धरती का इस्तेमाल करने की अनुमति नहीं देंगे, उन्हें पता होना चाहिए कि ईरान की नजरों से कोई बच नहीं सकता। ईरान की यह चेतावनी ऐसे समय में आई है जब यूएसएस जॉर्ज वाशिंगटन विमानवाहक पोत को मध्य पूर्व में यूएसएस अब्राहम लिंकन की जगह लेने के लिए फिर से तैनात किया जा रहा है।

पिछले दिनों खबर आई थी कि यूएसएस लिंकन के चालक दल के लिए रहने की स्थिति काफी प्रतिकूल हो गई है।इस बीच, संयुक्त अरब अमीरात ने भी ईरान के साथ सभी व्यापारिक और वित्तीय लेन-देन को निलंबित कर दिया है।

## पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने जेल में अपनी बहन से मुलाकात की

इस्लामाबाद(आरएनएस)। पाकिस्तान में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को 9 महीने बाद अपने परिवार से रावलपिंडी की अडियाला जेल में मिलने की अनुमति दी गई। इमरान और उनकी बहन नोरीन नियाजी की मुलाकात जेल के कॉन्फ्रेंस रूम में हुई, जहां उन्होंने इमरान के स्वास्थ्य और अन्य मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान, नियाजी ने इमरान को यह भी बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने उनको इलाज के शिफा अंतरराष्ट्रीय अस्पताल जाने की अनुमति दी है।

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के संस्थापक इमरान से मुलाकात के लिए उनकी अन्य बहनें अलीमा खानम, डॉ उज़्मा खानम और उनके चचेरे भाई कासिम ज़मान भी पहुंचे थे। रिपोर्ट के मुताबिक, अडियाला रोड पर स्थित एक सुरक्षा चौकी और सड़क चौराहे दहल नाका पर उन्हें रोक दिया गया और जेल जाने से मना कर दिया गया।पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ सदस्य खालिद यूसुफ चौधरी और शाहिद खट्टक भी फैक्ट्री चेकपॉइंट पर मौजूद थे, जहां भारी संख्या में पुलिस बल तैनात था।इमरान की पत्नी बुशरा बीबी ने भी मंगलवार को जेल के एक कॉन्फ्रेंस रूम में अपने परिवार से मुलाकात की।यह बैठक करीब 40 मिनट तक चली, जिसमें उनके स्वास्थ्य और कानूनी मामलों पर चर्चा हुई। इस बैठक में उनके बच्चे मूसा, मुबाशारा मानेका और उनकी भाभी मेहरुननिसा भी शामिल थीं।अलीमा ने कहा कि इमरान को अस्पताल में जांच के लिए भेजने का सुप्रीम कोर्ट का पहले का फैसला पार्टी की 8 महीने की मांगों के बाद आया था।कई आरोपों का सामना कर रहे इमरान अडियाला जेल में 5 अगस्त, 2023 से बंद हैं। उनको 8 महीने के लिए एकांतवास में भी रखा गया था।परिवार की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने इमरान को हर मंगलवार-गुरुवार को अपने परिवार-वकील से मुलाकात की अनुमति दी है।

## FBI ने पंजाब के गैंगस्टर मेजर सिंह को वांटेड घोषित किया, जग्गू भगवानपुरिया गैंग से कनेक्शन

वॉशिंगटन (ए.)। अमेरिका की जांच एजेंसी फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (FBI) ने पंजाब के गैंगस्टर मेजर सिंह को वांटेड घोषित किया है। स्रक्क्षु के मुताबिक मेजर सिंह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय एक संगठित आपराधिक नेटवर्क से जुड़ा है और वह पंजाब के गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया के गैंग का सदस्य है। बताया गया है कि इस नेटवर्क की गतिविधियां अमेरिका के लॉस एंजिल्स समेत अन्य इलाकों तक फैली हुई हैं।मेजर सिंह पर RICO (Racketeer Influenced and Corrupt Organizations) एक्ट के तहत आपराधिक साजिश में शामिल होने का आरोप है। इसके अलावा उस पर बिना लाइसेंस हथियारों की खरीद-फरोख्त के कारोबार की साजिश और नशीले पदार्थों की सप्लाई व बिक्री की साजिश में शामिल होने के आरोप लगाए गए हैं। FBI के मुताबिक मेजर सिंह के खिलाफ अमेरिका के सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट ऑफ कैलिफोर्निया की संघीय अदालत में मामला दर्ज है। उसके खिलाफ 25 जून 2026 को गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। फिलहाल FBI उसकी तलाश में जुटी है और एजेंसी ने लोगों से उसके बारे में किसी भी तरह की जानकारी मिलने पर सूचना देने की अपील की है।

## नेपाल में पूर्व भारतीय सैनिकों के कल्याण के लिए हर संभव सहयोग जारी रहेगा : धीरज सेठ

काठमांडू, (ए.) । भारतीय थल सेना प्रमुख जनरल धीरज सेठ ने नेपाल में रह रहे पूर्व भारतीय सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण, स्वास्थ्य सेवाओं तथा सुविधाओं के लिए भारतीय सेना द्वारा हरसंभव प्रयास जारी रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है।जनरल सेठ ने बुधवार को पोखरा में आयोजित पेंशन शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व सैनिक भारत-नेपाल संबंधों के जीवंत प्रतिनिधि हैं और भारतीय सेना में सेवा देने वाले गोरखा सैनिकों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। पूर्व सैनिकों का हित और



कल्याण भारतीय सेना की जिम्मेदारी है।उन्होंने कहा, "आपके हित, कल्याण और सुविधाओं के लिए जो कुछ भी संभव होगा, हम पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ करेंगे। आप स्वयं को कभी अकेला न समझें, भारतीय सेना हमेशा आपके साथ खड़ी है।"

जनरल सेठ ने बताया कि पोखरा स्थित 'एक्स-सर्विसमेन कंट्रीब्यूटरी हेल्थ स्कीम' पॉलीक्लिनिक के लिए अतिरिक्त स्वास्थ्य उपकरण उपलब्ध कराने और उसे आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करने के प्रयास किए जाएंगे।उन्होंने सोनौली से गोरखपुर तक बस सेवा की लंबे समय से चली आ रही मांग पर भी गंभीरता से विचार किए जाने की जानकारी दी।

# फीचर

## सामंथा रुथ प्रभु के लिए अब 'कंप्रेशन सॉक्स' ही हैं फैशन, पैरों की सूजन के साथ साझा किया नया पोस्ट




अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु इन दिनों अपने पहले बच्चे के स्वागत की तैयारी में जुटी हुई हैं और इसी बीच उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने बदलते फैशन को लेकर एक ऐसी पोस्ट साझा की, जिसने लोगों का ध्यान खींच लिया। दरअसल, उन्होंने पैरों में पहने जाने वाले कंप्रेशन सॉक्स को ही अपना नया फैशन बता दिया। सामंथा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक तस्वीर साझा की। इस तस्वीर में उनके पैर सूजे हुए नजर आ रहे हैं और उन्होंने कंप्रेशन सॉक्स पहने हुए है। इसी तस्वीर के साथ सामंथा ने बेहद छोटे लेकिन मजेदार अंदाज में लिखा, "अब जिसे मैं फैशन कहती हूं- कंप्रेशन सॉक्स।" दरअसल, आमतौर पर फैशन को कपड़ों, जूतों और गहनों से जोड़कर देखा जाता है, लेकिन सामंथा ने अपनी मौजूदा स्थिति में आराम देने वाले सॉक्स को ही फैशन का नया नाम दे दिया। गर्भावस्था के दौरान पैरों और पंजों में सूजन की समस्या आम होती है। ऐसे में कंप्रेशन सॉक्स पैरों में आराम देने और ब्लड सुर्कुलेशन को बेहतर बनाए रखने में मदद करते हैं।

दरअसल, सामंथा ने जून 2026 में अपनी प्रेग्नेंसी की आधिकारिक पुष्टि की थी। अभिनेत्री और उनके पति फिल्मकार राज निदिमोरु, अपने पहले बच्चे का स्वागत करने वाले हैं। सामंथा ने यह खबर अपनी फिल्म 'मा इंटी बंगाराम' की सफलता के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में साझा की थी। इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया था कि वह कुछ समय के लिए अभिनय से दूरी बनाएंगी और मातृत्व अवकाश लेंगी। मीडिया से बातचीत में सामंथा ने कहा था कि 'मा इंटी बंगाराम' के बाद उन्हें अपनी मौजूदा स्थिति को देखते हुए थोड़ा ब्रेक लेना पड़ेगा और इसके बाद वह एक और फिल्म के साथ अपने फैंस के बीच वापस लौटेंगी।

कपल की बात करें, तो सामंथा और राज निदिमोरु ने 1 दिसंबर 2025 को शादी की थी। इस शादी में करीबी लोग ही शामिल हुए थे। दोनों की पहली मुलाकात 'द फैमिली मैन 2' के दौरान हुई थी। सामंथा ने इस चर्चित सीरीज में राजी नाम की दमदार भूमिका निभाई थी। शुरुआत में दोनों का रिश्ता पूरी तरह पेशेवर था।

'द फैमिली मैन 2' के बाद सामंथा और राज ने एक बार फिर साथ काम किया। दोनों 'सिटाडेल: हनी बनी' में साथ नजर आए, जो चर्चित वैश्विक 'सिटाडेल' सीरीज का भारतीय संस्करण था। सीरीज को दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली, लेकिन इसके निर्माण के दौरान दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ने की खबरें सामने आई थीं।

## रवि तेजा की 'इरुमुदी' को मिला यू/ए सर्टिफिकेट, इस दिन से सिनेमाघरों में होगी रिलीज




साउथ सिनेमा के मशहूर निर्देशक शिव निर्वाण की आगामी तेलुग फिल्म 'इरुमुदी' को सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन (सीबीएफसी) ने अब यू/ए सर्टिफिकेट के साथ रिलीज के लिए मंजूरी दे दी है। यह एक गहन पारिवारिक और भावनात्मक ड्रामा है, जिसमें एक्टर रवि तेजा मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। मंगलवार को मैथ्री मूवी मेकर्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए इस बात की पुष्टि की है। उन्होंने लीड रोल निभा रहे अभिनेता रवि तेजा की तस्वीर पोस्ट कर लिखा, 'फिल्म 'इरुमुदी' को यू/ए सर्टिफिकेट मिल गया है। इमोशनल फैमिली थ्रिलर के लिए टिकट बुक करने के लिए तैयार हो जाइए। 'इरुमुदी' 21 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। शिव निर्वाण द्वारा निर्देशित और लिखित फिल्म में रवि तेजा, प्रिया भवानी शंकर, साई कुमार और बेबी नक्षत्रा जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में नजर आ रहे हैं। नवीन येरनेनी और वाई. रवि शंकर (मैत्री मूवी मेकर्स) मिलकर फिल्म के निर्माण कार्य में भूमिका अदा करते दिखेंगे।

फिल्म का शीर्षक 'इरुमुदी' भगवान अयप्पा की यात्रा और परंपरा से जुड़ा है। रवि तेजा इसमें एक आम और सहज पारिवारिक व्यक्ति के रूप में दिखाई देंगे, जिन्होंने अय्यप्पा की माला पहनी हुई है। फिल्म 21 अगस्त को रिलीज की जाएगी। हालांकि, पहले अफवाहें उड़ी थीं कि 'इरुमुदी' 21 अगस्त को रिलीज नहीं हो पाएगी, लेकिन प्रोडक्शन हाउस ने फिल्म का एक नया पोस्टर जारी करके इन अफवाहों पर विराम लगा दिया। पोस्टर में साफ लिखा था कि फिल्म तय तारीख 21 अगस्त को ही सिनेमाघरों में आएगी। यह फिल्म रवि तेजा की 77वीं फिल्म है और इसलिए इसे "इरुमुदी" टाइटल दिए जाने तक कुछ समय के लिए 'आरटी77' कहा जा रहा था। मुख्य कलाकार रवि तेजा को फिल्म से काफी उम्मीदें हैं। उन्होंने इसी साल जुलाई के दूसरे हफ्ते में फिल्म के लिए अपनी डबिंग शुरू की थी। इसी दौरान मेकर्स ने डबिंग स्टूडियो का एक वीडियो भी शेयर किया था।

## सिद्धार्थ को मिली सबसे खास तारीफ! अजय आहूजा के मामा बोले- "एक झलक में लगा, अजय कहां से आ गया"



ऑपरेशन सफेद सागर' के साथ सिद्धार्थ ने देशभक्ति से भरपूर एक दमदार कहानी पेश की है। नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई इस सीरीज में सिद्धार्थ ने स्क्वाड्रन लीडर अजय आहूजा का किरदार बेहद गंभीर और प्रभावशाली तरीके से निभाया है। उनके अभिनय को दिवंगत स्क्वाड्रन लीडर अजय आहूजा के मामा से मिली तारीफ ने इसे और खास बना दिया है। एक शो के दौरान अजय आहूजा के मामा ने कहा, "मैं एयर फोर्स से नहीं हूं, मैं एक आम नागरिक हूं। मैं अजय आहूजा का मामा हूं। सिद्धार्थ, जैसे ही मैंने टीजर देखा, एक झलक में मुझे लगा कि अजय कहां से आ गया! आज कपिल शो और नेटफ्लिक्स ने मेरे अजय को अमर कर दिया।" सिद्धार्थ की मुख्य भूमिका वाली 'ऑपरेशन सफेद सागर' स्क्वाड्रन लीडर अजय आहूजा की कारगिल युद्ध में अहम भूमिका और उस मिशन की कहानी को दिखाती है, जिसमें उन्होंने अपनी जान गंवा दी थी। उनकी बहादुरी और बलिदान को आज भी याद किया जाता है और उन्हें मरणोपरांत वीर चक्र से सम्मानित किया गया था।ओनी सेन के निर्देशन में बनी 'ऑपरेशन सफेद सागर' को अभिजीत सिंह परमार और कुशल श्रीवास्तव ने क्रिएट किया है। इसे मैचबॉक्स शॉट्स एलएलपी के संजय राउत्रे और सरिता पाटिल ने फील गुड फिल्म्स के महबूब पाल सिंह बराड़ के साथ मिलकर प्रोड्यूस किया है। यह सीरीज सिर्फ नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई है।

## अगर देश से प्यार करना अंधभक्ति है तो मुझे गर्व है', अंधभक्त कहे जाने पर ईशा कोप्पिकर का जवाब

अभिनेत्री ईशा कोप्पिकर ने उन्हें दिए गए "अंधभक्त"टैग पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि अगर भारत से प्यार करना और उस पर विश्वास करना "अंधभक्ति" कहलाता है, तो उन्हें इस लेबल को अपनाने में गर्व है। ईशा ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वह देशभक्ति, राष्ट्रवाद और देश के लिए कुछ करने की जरूरत पर बात करती नजर आईं। अभिनेत्री ने कहा, "अगर अपने देश से प्यार करना, भारत पर विश्वास करना और उसकी तरक्की चाहना भक्ति है, तो हां, मुझे भक्त कहिए, अंधभक्त कहिए। लेकिन मेरी भक्ति किसी राजनीतिक पार्टी के लिए नहीं, बल्कि अपने देश, अपने भारत के लिए है। राष्ट्र सबसे पहले है।" ईशा ने कहा, "इंसान जहां रहता है, उसे उस जगह का सम्मान करना चाहिए और उसे बेहतर बनाने में अपना योगदान देना चाहिए। सिर्फ यह कह देना कि हमें अपने देश से प्यार है, देशभक्ति नहीं है। असली देशभक्ति तब है, जब कोई व्यक्ति अपने काम से देश को बेहतर बनाने की कोशिश करे।"



अभिनेत्री ने बच्चों का उदाहरण देते हुए आगे कहा, "दो तरह के बच्चे होते हैं। एक बच्चा ऐसा होता है जो पूरी जिंदगी यह हिसाब लगाता रहता है कि उसके माता-पिता ने उसे क्या दिया और क्या नहीं दिया। वहीं दूसरा बच्चा ऐसा होता है जो माता-पिता से मिलने वाली चीजों को सिर्फ अपने तक सीमित नहीं रखता, बल्कि उससे अपने माता-पिता की जिंदगी को भी बेहतर बनाने की कोशिश करता है।"

ईशा ने कहा, "दोनों के बीच फर्क सिर्फ परिस्थितियों का नहीं, बल्कि सोच का है। इसी सोच को देश के लिए भी बदलने की जरूरत है। हमें हर समय यह पूछने के बजाय कि देश ने हमें क्या दिया, यह सोचना चाहिए कि हम देश को क्या दे सकते हैं। हमें यह विचार करना चाहिए कि अपने काम और सोच के जरिए भारत के लिए क्या बेहतर किया जा सकता है।"

अभिनेत्री ने आगे कहा, "भारत बदल रहा है और अब समय आ गया है कि लोगों की सोच भी बदले। मेरी लोगों से अपील है कि वह नए भारत के निर्माण का हिस्सा बने। मुझे भक्त कहिए, अंधभक्त कहिए या राष्ट्रवादी कहिए, मैं अपने विचारों को लेकर पीछे नहीं हटूंगी।"

वीडियो के आखिर में ईशा ने भारत के प्रति अपने प्यार को दोहराते हुए कहा, "मैं अपने देश से प्यार करती हूं और भारत पर विश्वास करती हूं। जय हिंद।"

# बलरामपुर के कन्हर नदी में बाढ़ से बिगड़े हालात, खुरसा पुलिया जलमग्न, 25 घरों का संपर्क कटा



बलरामपुर (आरएनएस)। उत्तरी छत्तीसगढ़ में पिछले दो दिनों से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के चलते बलरामपुर जिले में नदी-नाले उफान पर हैं। रामानुजगंज की जीवनदायिनी कन्हर नदी भी रौद्र रूप में आ गई है। कन्हर नदी का जलस्तर बढ़ने से नदी के पानी अब सड़क में बहने लगा है। लगातार बारिश के कारण स्थिति और गंभीर होती जा रही है।कन्हर नदी में बाढ़ का असर रामानुजगंज क्षेत्र के कई हिस्सों में दिखाई दे रहा है। नदी का जलस्तर बढ़ने के साथ निचले इलाकों में पानी का दबाव बढ़ गया है। पलटन घाट के पास कन्हर नदी का जलस्तर बढ़ने से खुरसा नाला पूरी तरह से जलमग्न हो गया है। खुरसा नाले की पुलिया भी पूरी तरह से डूब गई है। पुलिया से करीब 15 फीट ऊपर तक पानी पहुंचने की जानकारी है। पुलिया जलमग्न होने से उसपार ग्राम पंचायत कनकपुर के अलमागोदाम और लुर्गी के खुटहन पारा की कनेक्टिविटी प्रभावित हुई है। इन दोनों इलाकों के करीब 20 से 25 घरों का रामानुजगंज नगर से सीधा संपर्क कट गया है। पुलिया के ऊपर पानी होने के कारण ग्रामीण एक ओर से दूसरी ओर नहीं जा पा रहे हैं। ऐसे में रोजमर्रा की जरूरतों के लिए लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। खासकर खाद्य सामग्री, दवा और अन्य जरूरी सामान के लिए आवाजाही प्रभावित होने की आशंका है। फिलहाल क्षेत्र में बारिश का दौर जारी है। ऐसे में कन्हर नदी और आसपास के नालों का जलस्तर और बढ़ने की आशंका बनी हुई है। जब तक पानी का स्तर कम नहीं होता, तब तक जलमग्न पुलिया से आवागमन शुरू करना संभव नहीं होगा।लगातार बारिश के कारण ग्रामीण इलाकों में कनेक्टिविटी प्रभावित होने से लोगों को मूलभूत सुविधाओं के लिए भी जद्दोजहद करनी पड़ सकती है। प्रशासन और स्थानीय स्तर पर स्थिति पर नजर रखी जा रही है।कन्हर नदी में बढ़े जलस्तर को देखते हुए रामानुजगंज पुलिस ने लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है। पुलिस ने लोगों को कन्हर नदी के किनारे जाने से मना किया है।पुलिस ने लोगों से अपील की है कि नदी का जलस्तर बढ़ने के दौरान अनावश्यक रूप से नदी और उसके आसपास के क्षेत्रों में न जाएं तथा बाढ़ की स्थिति में सुरक्षित स्थानों पर रहें। लगातार बारिश के बीच नदी का बहाव बेहद तेज होने के कारण किसी भी तरह का जोखिम उठाना खतरनाक हो सकता है।

## छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट को मिलेंगे तीन नए जज, सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने दी मंजूरी

रायपुर,(आरएनएस)।। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में तीन नए न्यायाधीशों की नियुक्ति का रास्ता साफ हो गया है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने न्यायिक अधिकारियों संतोष शर्मा, सुषमा सावंत और सुधीर कुमार को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट का न्यायाधीश नियुक्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।जानकारी के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की 18 अगस्त 2026 को हुई बैठक में तीनों न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति से संबंधित प्रस्ताव पर विचार किया गया। बैठक के बाद कॉलेजियम ने उनकी नियुक्ति की सिफारिश को स्वीकृति प्रदान कर दी।कॉलेजियम की मंजूरी के बाद अब इन तीनों न्यायिक अधिकारियों को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किए जाने की प्रक्रिया आगे बढ़ेगी।

## ट्रैक्टर-कृषि उपकरणों की बिक्री राशि में 11 लाख से ज्यादा का गबन, शोरुम मैनेजर गिरफ्तार

राजनांदगांव,(आरएनएस)।। ट्रैक्टर शोरूम में मैनेजर के पद पर रहते हुए किसानों को ट्रैक्टर और कृषि उपकरण बेचकर उसकी रकम फर्म में जमा नहीं करने के मामले में सिटी कोतवाली पुलिस ने आरोपी मैनेजर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

पुलिस के मुताबिक 17 अगस्त को फर्म की ओर से थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत में बताया गया कि फ्लैट नंबर 19, इंदिरा नगर, वृंदावन कॉलोनी निवासी कुमुद उपाध्याय (52 वर्ष) राजनांदगांव स्थित अरुण एग्रीकल्चर में मैनेजर के पद पर कार्यरत था।

आरोप है कि 1 अप्रैल 2025 से 7 अप्रैल 2026 के बीच आरोपी ने फर्म के ट्रैक्टर और कृषि उपकरण किसानों को कुल 14 लाख 61 हजार 393 रुपये में बेचे, लेकिन बिक्री से प्राप्त पूरी राशि फर्म में जमा नहीं की। पूछताछ के दौरान आरोपी ने रकम के गबन की बात स्वीकार की और 3 लाख 3 हजार 500 रुपये वापस किए। शेष 11 लाख 7 हजार 893 रुपये फर्म में जमा नहीं करने की बात सामने आई।

शिकायत पर सिटी कोतवाली पुलिस ने अपराध क्रमांक 443/26 के तहत धारा 316(4), 336(3) और 344(1) बीएनएस में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ के साथ संबंधित दस्तावेज और खाता-बही भी जब्त की।

पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देश तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर और नगर पुलिस अधीक्षक श्री के.पी. मरकाम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई की। पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद आरोपी कुमुद उपाध्याय को 19 अगस्त को विधिवत गिरफ्तार किया गया। इसके बाद उसे न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र शाह, उप निरीक्षक सुमेन्द्र कुमार खरे, प्रधान आरक्षक जी. सिरिल कुमार सहित थाना स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## 2 सितंबर को रायपुर आएंगे उपराष्ट्रपति, एम्स दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर मुख्य सचिव ने दिए निर्देश

रायपुर (आरएनएस)।। उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन के 2 सितंबर को प्रस्तावित छत्तीसगढ़ दौरे को लेकर प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। मुख्य सचिव विकासशील ने मंत्रालय महानदी भवन में राज्य स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर उपराष्ट्रपति के प्रवास से जुड़ी व्यवस्थाओं की समीक्षा की।

उपराष्ट्रपति 2 सितंबर को रायपुर स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। बैठक में सुरक्षा, यातायात, प्रोटोकॉल, स्वागत, चिकित्सा और कार्यक्रम स्थल से जुड़ी व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

मिनट-टू-मिनट प्लान के अनुसार होगी व्यवस्था

मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि उपराष्ट्रपति के आगमन से लेकर वापसी तक सभी व्यवस्थाएं निर्धारित प्रोटोकॉल और मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम के अनुसार पूरी की जाएं। एयरपोर्ट से एम्स तक आवागमन और वापसी के लिए एंट्री-एग्जिट प्लान को बेहतर समन्वय के साथ अंतिम रूप देने को कहा गया।

एयरपोर्ट पर स्वागत एवं रिसेप्शन लाइन और एम्स में स्वागत सहित अन्य प्रोटोकॉल संबंधी व्यवस्थाओं के लिए रायपुर कलेक्टर को आवश्यक निर्देश दिए गए। एयरपोर्ट तथा कार्यक्रम स्थल पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती और सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने पर भी जोर दिया गया।मुख्य सचिव ने गृह विभाग को सुरक्षा संबंधी सभी तैयारियां समय पर पूरी करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही ठहरने की व्यवस्था, विद्युत एवं प्रकाश व्यवस्था, चिकित्सा सुविधाएं और आपातकालीन चिकित्सा सहायता उपलब्ध रखने को कहा गया।

दीक्षांत समारोह की बैठक व्यवस्था भारत सरकार के निर्धारित प्रोटोकॉल और डायस प्लान के अनुरूप करने के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में वंदे मातरम् और राष्ट्रगान सहित सभी निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करने को कहा गया।

## रक्षाबंधन से पहले मिठाइयों की जांच, खोवा-बेसन के नमूने लिए



धमतरी, (ए.)। रक्षाबंधन पर्व को देखते हुए खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए जिले में सात दिवसीय बने खाबो, बने रहिबो 2.0 अभियान शुरू हो गया है। अभियान के तहत खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम मिठाई दुकानों, थोक निर्माताओं और अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच कर रही है। पहले दिन टीम ने गोपी डेयरी से खोवा और बेसन से बनी मिठाइयों के नमूने लिए, जिन्हें जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है।आयुक्त खाद्य सुरक्षा दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देश पर शुरू किए गए इस अभियान का उद्देश्य त्योहार के दौरान लोगों को सुरक्षित और गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना है। अभियान के तहत 17 से 2× अगस्त तक जिलेभर में खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण, नमूना संकलन और जनजागरूकता गतिविधियां संचालित की जाएंगी। खासकर रक्षाबंधन के दौरान मिठाई, खोवा, बेसन, दुग्ध और अन्य खाद्य पदार्थों की बढ़ती मांग को देखते हुए मिलावट की आशंका वाले उत्पादों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। विभाग की टीम निरीक्षण के दौरान खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता के साथ निर्माण प्रक्रिया, साफ-सफाई और भंडारण व्यवस्था भी देख रही है। खाद्य कारोबारियों को खाद्य सुरक्षा एवं मानकों के नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही लिए गए नमूनों की प्रयोगशाला जांच रिपोर्ट के आधार पर यदि खाद्य सुरक्षा मानकों का उल्लंघन पाया जाता है तो संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।खाद्य सुरक्षा अधिकारी फनेश्वर पिथौरा ने बताया कि खाद्य कारोबारियों को वर्षा ऋतु को देखते हुए स्व' छता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए हैं।

## नौकरी दिलाने का झांसा देकर 2 लाख की ठगी, पति-पत्नी गिरफ्तार

बलौदाबाजार-भाटापारा, (आरएनएस)।। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी में ऑपरेटर पद पर नौकरी दिलाने का झांसा देकर 2 लाख रुपये की ठगी करने वाले पति-पत्नी को भाटापारा शहर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और आपराधिक षड्यंत्र की धाराओं में कार्रवाई की गई है।पुलिस के मुताबिक राजनांदगांव जिले के डोंगरगांव थाना क्षेत्र निवासी डिलेश कुमार साहू ने शिकायत दर्ज कराई थी कि वर्ष 2021 में विरेन्द्र साहू और उसकी पत्नी गामिनी साहू ने उसे छत्तीसगढ़ स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी में ऑपरेटर पद पर नौकरी लगवाने का भरोसा दिलाया था। नौकरी के नाम पर आरोपियों ने उससे 2 लाख रुपये ले लिए, लेकिन नौकरी नहीं लगवाई और बाद में रकम भी वापस नहीं की।शिकायत की जांच के बाद भाटापारा शहर थाने में अपराध क्रमांक 63/2025 के तहत धारा 420, 34 भादवि में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। पुलिस ने प्रार्थी और गवाहों के बयान दर्ज किए। साथ ही बैंक खाते का स्टेटमेंट और पावर होल्डिंग कंपनी में किए गए ऑनलाइन आवेदन से संबंधित दस्तावेज जुटाए गए।जांच के दौरान पुलिस टीम ने 18 अगस्त 2026 को आरोपी दंपत्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुलिस के अनुसार, मेमोरेण्डम कथन के दौरान दोनों ने नौकरी दिलाने के नाम पर 2 लाख रुपये लेने की बात स्वीकार की। इसके बाद दोनों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है। 1. विरेन्द्र साहू, उम्र 34 वर्ष, निवासी महावीर वार्ड भाटापारा, वर्तमान पता हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सेक्टर-01, एलआईजी-41, सड्डू रायपुर।2. गामिनी साहू, उम्र 28 वर्ष, निवासी महावीर वार्ड भाटापारा/मिर्च चिल्हाटी, अंबागढ़, वर्तमान पता हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सेक्टर-01, एलआईजी-41, सड्डू रायपुर।

## धमतरी-भखारा मार्ग पर भारी वाहनों की टाइमिंग तय, सुबह 6 से रात 10 बजे तक रहेगा प्रतिबंध

धमतरी (आरएनएस)।। सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए जिला प्रशासन ने धमतरी-भखारा मार्ग पर भारी वाहनों के आवागमन को लेकर नई व्यवस्था लागू की है। अब इस मार्ग पर सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

नई व्यवस्था के तहत धमतरी से भखारा होते हुए रायपुर और रायपुर से भखारा-धमतरी की ओर आने-जाने वाले भारी वाहन निर्धारित प्रतिबंधित समय में इस मार्ग का इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे। ऐसे वाहनों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग का वैकल्पिक मार्ग अपनाना होगा।

प्रशासन का कहना है कि भारी वाहनों के आवागमन को नियंत्रित करने से भखारा मार्ग पर यातायात का दबाव कम होगा। इससे स्थानीय लोगों, दोपहिया और छोटे वाहनों की आवाजाही अधिक सुरक्षित और सुगम हो सकेगी।

यह निर्णय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में लिए गए फैसलों के तहत किया गया है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की अध्यक्षता में हुई बैठक में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित करने के लिए भारी वाहनों के आवागमन को नियंत्रित करने पर चर्चा हुई थी। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को वाहन चालकों और आम लोगों को नई व्यवस्था की जानकारी देने के लिए प्रमुख स्थानों पर स्पष्ट साइन बोर्ड लगाने के निर्देश दिए थे। निर्देशों के पालन में जिला परिवहन विभाग ने अर्जुन मोड़ (भखारा), खपरी उत्तर (बस्ती) और अटल चौक पर यातायात व्यवस्था से संबंधित साइन बोर्ड लगा दिए हैं।

# खेल समाचार

## सिनसिनाटी ओपन : सबालेंका, एंड्रीवा, और गॉफ ने चौथे राउंड में जगह बनाई

सिनसिनाटी (ए.)। आर्यना सबालेंका ने सिनसिनाटी ओपन के चौथे राउंड में जगह बना ली है। सबालेंका ने 54 मिनट तक चले मुकाबले में सबालेंका ने वांग शिन्यु को 6-1, 6-3 से हराया। इस जीत के साथ, सबालेंका अब अपने करियर में 45 डब्ल्यूटीए 1000 इवेंट्स में राउंड ऑफ 16 में पहुंच गई हैं। उनकी इस जीत ने सिनसिनाटी में जीत के मामले में उन्हें सक्रिय खिलाड़ियों में सबसे आगे कर दिया है। सबालेंका के नाम अब डब्ल्यूटीए 1000 इवेंट्स में 50 करियर जीत है। सबालेंका 2009 में इस फॉर्मेट के शुरू होने के बाद से ऐसा करने वाली सेरेना विलियम्स (104) और इगा स्वियाटेक (58) के बाद तीसरी खिलाड़ी हैं।

इस बीच, नंबर 5 सीड मीरा एंड्रीव नंबर 32 सीड जेनिस त्जेन को हराकर चौथे राउंड में पहुंच गईं। एंड्रीव ने 1 घंटे 42 मिनट तक चले इस मैच में 6-1, 7-6(5) से जीत दर्ज की।

एंड्रीवा, जो 2024 में टूर्नामेंट में अपनी पिछली एकमात्र उपस्थिति में सिनसिनाटी में क्वार्टर फाइनलिस्ट थीं, ने जून में रोलैंड गैरोस में अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के बाद पहली बार लगातार मैच जीते हैं।

अब उनका सामना इस साल चौथी बार नंबर 10 सीड मार्टा कोस्त्युक से होगा। कोस्त्युक उनके हेड-टू-हेड में 2-1 से आगे हैं, हालांकि पिछली मुलाकात में एंड्रीवा ने रोलैंड गैरोस सेमीफाइनल में कोस्त्युक को हराया था।

2023 की चैंपियन कोको गॉफ ने भी साथी अमेरिकन एन ली पर 6-1, 7-6 (3) से जीत हासिल करके 2026 सिनसिनाटी ओपन के चौथे राउंड में अपनी जगह पक्की कर ली।

गॉफ अब अपने करियर के 36वें डब्ल्यूटीए 1000 चौथे राउंड में हैं, जिसमें इस सीजन के छह शामिल हैं। सिनसिनाटी एकल में हिस्सा लेने वाले सक्रिय खिलाड़ियों में सिर्फ एरिना सबालेंका (44), कैरोलिन प्लिसकोवा (44), एलिना स्वितोलिना (43), इगा स्वियाटेक (38) और जेसिका पेगुला (38) के नाम उनसे ज्यादा हैं।

# हॉकी वर्ल्ड कप में भारत ने पाकिस्तान का किया 'गेम ओवर', पूल मुकाबले में 5-3 से चटाई धूल



एम्सटेलवीन(ए.)। पाकिस्तान के खिलाफ भारत का 'वर्चस्व' बरकरार है। एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 में एम्सटेलवीन के वैगनर स्टेडियम में खेले गए पूल डी के मुकाबले में भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान को 5-3 से हराया।

भारत ने मुकाबले की शुरुआत दमदार अंदाज में की और गेंद पर कंट्रोल बनाया। मैच के चौथे मिनट में ही भारतीय टीम को पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिसका भरपूर फायदा उठाते हुए कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने गेंद को गोल पोस्ट में पहुंचा दिया। 1-0 की बढ़त को भारत ने जल्द ही दोगुना कर दिया। मैच के 11वें मिनट में अभिषेक से मिले शानदार पास को मंदीप सिंह ने गोल में तब्दील किया। पहले क्वार्टर में 2-0 की बढ़त के साथ भारतीय टीम का पूरी तरह से दबदबा रहा।दूसरे क्वार्टर का आगाज भी भारतीय टीम ने शानदार तरीके से किया। मैच के 20वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील करते हुए कप्तान हरमनप्रीत ने भारत की बढ़त को 3-0 कर दिया। हालांकि, इसके बाद पाकिस्तान ने मैच में कुछ हद तक वापसी करने की कोशिश की। मैच के 21वें मिनट में पाकिस्तान की तरफ से हन्नान शाहिद ने पहला गोल दागा। इसके ठीक दो मिनट बाद ही अभिषेक ने एक और शानदार गोल दागा और भारत की बढ़त को 4-1 कर दिया। मैच के 24वें मिनट में सुफियान खान ने पाकिस्तान की ओर से दूसरा गोल किया और स्कोर को 4-2 कर दिया। तीसरे क्वार्टर की शुरुआत में भारत के सुखजीत सिंह को ग्रीन कार्ड मिला। मैच के 34वें मिनट मे भारत ने अपनी बढ़त को 5-2 कर दिया। भारत के लिए पांचवां गोल हार्दिक सिंह ने पेनल्टी स्ट्रोक पर दागा। चौथे और अंतिम क्वार्टर की शुरुआत पाकिस्तान के लिए अच्छी रही। मैच के 45वें मिनट में पाकिस्तान के हन्नान शाहिद ने गोल करते हुए स्कोर को 5-3 कर दिया।

इसके बाद भारत और पाकिस्तान की तरफ से गोल करने के कई प्रयास किए गए, लेकिन किसी भी टीम को सफलता हाथ नहीं लगी। हरमनप्रीत की कप्तानी में भारतीय टीम ने पाकिस्तान को गोल करने का कोई और मौका नहीं दिया। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने अगले राउंड में अपनी जगह बना ली है। वहीं, हार के साथ पाकिस्तान का विश्व कप में सफर समाप्त हो गया है।

## टेस्ट खेलने का कोई एक तरीका नहीं, पाकिस्तान के खिलाफ लीड्स टेस्ट से पहले बोले इंग्लैंड के कप्तान रूट

लीड्स , (ए.)। इंग्लैंड और पाकिस्तान के बीच तीन टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला टेस्ट बुधवार से लीड्स में शुरू हो रहा है। जो रूट इस सीरीज से दूसरी बार बतौर कप्तान अपने सफर का आगाज कर रहे हैं। टेस्ट फॉर्मेट में इंग्लैंड के प्रदर्शन में पिछले कुछ समय में गिरावट आई है। उसमें सुधार का दबाव रूट पर निश्चित रूप से होगा। बेन स्टोक्स और ब्रैंडन मैकुमल के कप्तान और कोच वाली जोड़ी का सफर खत्म हो चुका है। ऐसे में देखना होगा कि इंग्लैंड अपने खेल के अंदाज में बदलाव करती है या नहीं। लीड्स टेस्ट से पहले इंग्लैंड के कप्तान जो रूट ने टीम के खेलने के अंदाज पर कहा, मुझे नहीं लगता कि हमें बहुत कुछ बदलने की जरूरत है। छोटी-छोटी चीजें ही बड़ा बदलाव ला सकती हैं। मुझे लगता है कि यह उन अच्छी चीजों को बनाए रखने के बारे में है जो हम कुछ समय से कर रहे हैं, वो चीजें जो बेन (स्टोक्स) और बाज (मैकुलम) ने लंबे समय तक बनाई हैं। मुझे नहीं लगता कि टेस्ट क्रिकेट खेलने का कोई एक तरीका है।

उन्होंने कहा, आपको एडजस्ट करने लायक होना होगा और सिचुएशन के हिसाब से खेलना होगा। पांच दिनों तक यह कभी एक जैसा नहीं रहता, अलग-अलग चुनौतियां होती हैं और आपको पूरे समय उतार-चढ़ाव के साथ एडजस्ट करना होता है।रूट ने कहा, मैंने जब पहली बार कप्तानी संभाली थी, तब की तुलना में मैं एक अलग खिलाड़ी और इंसान हूं। मैं बहुत खुशकिस्मत हूं, अनोखी जगह पर हूं, जहां मुझे पीछे मुड़कर देखने के लिए 60 से ज्यादा मैचों का अनुभव है। कुछ चीजें हैं जिन्हें मैं बदलना चाहूंगा और थोड़ा अलग तरीके से करूंगा। उन्होंने कहा, मेरे पास एक कदम पीछे हटने, एक अलग माहौल, अलग कोच, अलग कप्तान के साथ खेलने और गेम को एक अलग नजरिए से देखने का समय था। कई मायनों में मैं किसी भी दूसरे इंग्लैंड कप्तान जितना ही तैयार महसूस करता हूं जो पहले रहा हो, और इतना अनुभव होना बहुत कीमती है। 35 साल के रूट पूर्व में 65 टेस्ट मैचों में इंग्लैंड की कप्तानी कर चुके हैं।

## गाले टेस्ट में भारत का दबदबाः मानव सुथार की घातक गेंदबाजी से श्रीलंका 165 रन से ढेर, सीरीज में बनाई 1-0 की बढ़त



गाले (ए.)। भारतीय क्रिकेट टीम ने गाले इंटरनेशनल स्टेडियम में खेले गए टेस्ट मैच में श्रीलंका को 165 रन से हरा दिया। मानव सुथार की घातक गेंदबाजी की बदौलत टीम इंडिया ने श्रीलंका को पांचवें दिन दूसरे सेशन में दूसरी पारी में 206 रन पर समेट कर गाले टेस्ट अपने नाम किया। जीत के साथ 2 मैचों की सीरीज में टीम इंडिया 1-0 से आगे हो गई है।

श्रीलंका को चौथी पारी में जीत के लिए 372 रन का लक्ष्य मिला था। टीम की शुरुआत बेहद खराब रही थी। श्रीलंका ने अपने शुरुआती 4 विकेट मात्र 47 रन पर गंवा दिए थे। यही वह समय था, जब टीम की हार तय हो गई थी। हालांकि, कप्तान धनंजय डी सिल्वा (59) और पहली पारी के शतकवीर सोनल दिनुशा ने 84 रन की पारी खेलकर टीम की हार कुछ देर के लिए टाली, लेकिन उनका ये प्रयास काफी नहीं था। दोनों के आउट होने के साथ ही श्रीलंका की पारी 77.4 ओवर में 206 रन पर सिमट गई और 165 रन के बड़े अंतर से मैच गंवा बैठी।युवा गेंदबाज मानव सुथार भारत के लिए दूसरी पारी के हीरो रहे। सुथार ने 23.4 ओवर में 55 रन देकर 6 विकेट लिए। इसके अलावा प्रसिद्ध कृष्णा ने 2 और सिराज-जडेजा ने 1-1 विकेट लिए।भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए देवदत्त पड्डिकल के 167, केएल राहुल के 82 और ध्रुव जुरेल के 51 रनों की मदद से 462 रन बनाए थे।

श्रीलंका पहली पारी में सोनल दिनुशा के 100 और निरोशन डिकवेला की 80 रनों की पारी के बावजूद 284 पर सिमट गई थी और 178 रनों से पिछड़ी थी।भारत की दूसरी पारी 193 रन पर सिमट गई थी। ऋषभ पंत ने 66 रन बनाए थे। 178 रन की बढ़त के आधार पर भारत ने श्रीलंका को जीत के लिए 372 रन का लक्ष्य दिया था।

## जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 सीरीज के दक्षिण अफ्रीकी महिला टीम घोषित

नई दिल्ली,(ए.)। दक्षिण अफ्रीका की महिला क्रिकेट टीम पहली बार जिम्बाब्वे का दौरा करेगी, जहां दोनों टीमें पहली बार पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज में आमने-सामने होंगी। अगले महीने 11 से 19 सितंबर तक होने वाली इस सीरीज के लिए प्रोटियाज महिला राष्ट्रीय चयन पैनल ने बुधवार को 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की।सीरीज के सभी पांच मुकाबले जिम्बाब्वे के बुलावायो स्थित क्वींस स्पोर्ट्स क्लब में खेले जाएंगे। टीम का कमान लौरा वोल्वार्ड्ट के हाथों में होगी। टीम में कई नए चेहरों को मौका दिया गया है, जिनमें तीन खिलाड़ी ऐसी हैं, जिन्होंने अभी तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण नहीं किया है। तेज गेंदबाज केटलिन विंगार्ड को पहली बार राष्ट्रीय टीम में शामिल किया गया है। वेनगार्ड ने हाल ही में बांग्लादेश इमर्जिंग टीम के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका इमर्जिंग महिला टीम के दौरे पर शानदार प्रदर्शन किया था। उनके अलावा दक्षिण अफ्रीका अंडर-19 महिला टीम की नथाबिसेंग निनि और ऑफ स्पिनर लुयांडा न्जुजा को भी पहली बार राष्ट्रीय टीम में जगह मिली है। टीम में फे टुनिकलिफ, एनेके बॉश, अयांडा हलुबी, एलिज-मारी मार्क्स, सेशनी नायडू, नोंडुमिसो शांगासे और मियाने स्मिट भी शामिल हैं। विकेटकीपर बल्लेबाज सिनालो जाफ्ता और काराबो मेसो के साथ कायला रेनेके और एनेरी डर्कसन भी टीम को मजबूती देंगी।

जिम्बाब्वे के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका की महिला




टीमलौरा वोल्वार्ड्ट (कप्तान), एनेके बॉश, एनेरी डर्कसन, अयांडा हलुबी, सिनालो जाफ्ता, एलिज-मारी मार्क्स, काराबो मेसो, सेशनी नायडू, लुयांडा न्जुजा, कायला रेनेके, नथाबिसेंग निनि, नोंडुमिसो शांगासे, मियाने स्मिट, फे टुनिकलिफ और केटलिन वेनगार्ड।सीरीज का कार्यक्रमपहला टी20 – 11 सितंबर, बुलावायोदूसरा टी20 – 13 सितंबर, बुलावायोतीसरा टी20 – 15 सितंबर, बुलावायोचौथा टी20 – 17 सितंबर, बुलावायोपांचवां टी20 – 19 सितंबर, बुलावायो।–

# स्प्रिंगडेल्स स्कूल की छात्रा खुशी सिंह ने जीता बेस्ट डेलीगेट अवॉर्ड

## भारतीय संसद भवन के भ्रमण का मिला अवसर

नर्मदापुरम (निप्र)। स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंण्डरी स्कूल की कक्षा 11 वीं विज्ञान संकाय की प्रतिभाशाली छात्रा खुशी सिंह ने लक्ष्यार्थ एमयूएन में शानदार प्रदर्शन करते हुए बिम्सटेक समिति में बेस्ट डेलीगेट का प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।लक्ष्यार्थ के दौरान खुशी ने अपनी प्रभावशाली वक्तव्य क्षमता विषय की गहरी समझ आत्मविश्वास तार्किक प्रस्तुतीकरण एवं कूटनीतिक दृष्टिकोण का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उनके प्रभावी प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें समिति के सर्वश्रेष्ठ प्रतिनिधि के रूप में सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद श्रीमती माया निरोलिया ने विजेता प्रतिभागियों को भारतीय लोकतांत्रिक व्यवस्था एवं संसदीय कार्यप्रणाली को निकट से समझने के उद्देश्य से भारतीय संसद भवन नई दिल्ली के शैक्षणिक भ्रमण का अवसर प्रदान किए जाने की घोषणा की थी।इसी क्रम में अब लक्ष्यार्थ के जनरल सेक्रेटेरिएट द्वारा खुशी सिंह से आगामी दिल्ली भ्रमण के संबंध में संपर्क किया गया है।

भारतीय संसद भवन का यह भ्रमण छात्रा के लिए भारतीय लोकतंत्र संसदीय परंपराओं एवं देश की शासन व्यवस्था को प्रत्यक्ष रूप से समझने का एक महत्वपूर्ण अवसर होगा। खुशी के लिए यह उपलब्धि न केवल व्यक्तिगत गौरव का विषय हैए बल्कि विद्यालय के लिए भी अत्यंत




हर्ष एवं गर्व का क्षण है।प्राचार्य श्रीमती मोना चटर्जी ने विद्यार्थी खुशी सिंह की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी

तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय परिवार का मानना है कि ऐसे मंच विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता आत्मविश्वास तार्किक चिंतन एवं राष्ट्रीय जागरूकता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# क्वालिफिकेशन और संस्थानों की डिमांड के अनुरूप युवाओं को रोजगार के लिए किया जायेगा तैयार : कलेक्टर सोमेश मिश्रा

### मॉक इंटरव्यू से निखरेगा युवाओं का आत्मविश्वास, सीवी बनाने से लेकर इंटरव्यू तक युवाओं को दी जाएगी ट्रेनिंग रोजगार मेले में पहुंचे कलेक्टर ने युवाओं का बढ़ाया उत्साह



नर्मदापुरम (निप्र) बुधवार को कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने नर्मदापुरम स्थित संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में आयोजित रोजगार एवं स्वरोजगार मेले में पहुंचकर युवाओं का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने रोजगार मेले में विभिन्न कंपनियों द्वारा युवाओं के चयन की प्रक्रिया का जायजा लिया तथा चयनित युवाओं और शासन की स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत चयनित युवाओं को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कलेक्टर श्री मिश्रा ने युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि कई बार युवाओं की क्वालिफिकेशन और कंपनियों की डिमांड के बीच अंतर होने के कारण रोजगार प्राप्त करने में कठिनाई आती है। इसी तरह कई अभ्यर्थी इंटरव्यू के दौरान भी अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाते हैं। कंपनी की मांग और युवाओं की योग्यता के बीच जो गैप है, उसे दूर करने के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे।उन्होंने कहा कि जल्द ही विकासखंड स्तर पर रजिस्ट्रेशन कैंप आयोजित किए जाएंगे, जिसमें अधिक से अधिक युवा अपना पंजीयन कराएं। युवाओं को बेहतर रोजगार के लिए सीवी बनाने, इंटरव्यू देने और मॉक इंटरव्यू की विशेष ट्रेनिंग भी दी जाएगी। कंपनियों की आवश्यकता के अनुरूप युवाओं को तैयार किया जाएगा, ताकि उन्हें उनकी स्किल और योग्यता के अनुसार रोजगार के बेहतर अवसर मिल सकें।

## दादा गुरु के सानिध्य में वृहद कांवड़ यात्रा 22 को

### आज 3 बजे सर्किट हाउस में होगी पत्रकार वार्ता

नर्मदापुरम (निप्र)। श्रावण के महिने भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना का क्रम जारी है। इसी के साथ कावड यात्रा के आयोजन भी जारी हैं। इसी भक्ति भाव के आयोजन की श्रंखला में दादा गुरु के सानिध्य में वृहद कांवड़ यात्रा का आयोजन 22 को 22 अगस्त शनिवार को किया जा रहा है। जिसकी तैयारी की जा रही है। कावड यात्रा की जानकारी एवं आवश्यक विषयों पर चर्चा हेतु पत्रकार वार्ता का आयोजन 20 अगस्त को सर्किट हाउस में अपरान्ह तीन बजे है। प्रेस वार्ता में मध्यप्रदेश तैराकी संघ के अध्यक्ष पियूष शर्मा एवं नपाध्यक्ष श्रीमती नीतू यादव व जनपद अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे पत्रकारों को जानकारी से अवगत कराएंगे।

## नपा परिसर में थूकने पर 200 रुपए का जुर्माना

नर्मदापुरम (निप्र)। नगरपालिका द्वारा नगर के समस्त वार्डों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके चलते नागरिकों को समझाइश देने के साथ ही जुर्माना भी किया जा रहा है। बुधवार को नगरपालिका परिसर में शेख शफीक द्वारा थूकने पर 200. रुपए जुर्माना किया गया है। साथ ही दोबारा ऐसा नहीं करने की समझाइश भी दी गई।

स्वच्छता निरीक्षक नोडल अधिकारी अनुराग तिवारी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख के निर्देशन में नगर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने वालों पर जुर्माना किया जा रहा है साथ ही समझाइश भी दी जा रही है। आज नपा परिसर में थूकने पर दो सौ रुपए का जुर्माना किया गया है। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## वरिष्ठ नागरिक समिति के प्रतिनिधि मंडल नपाध्यक्ष और सीएमओ से मिले

### *पार्क और सड़कों की हालत सुधार की अपेक्षा की*

नर्मदापुरम (निप्र)।वरिष्ठ नागरिक समिति नर्मदापुरम के प्रतिनिधि मंडल के 10 सदस्यों ने नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती नीतू यादव एवं नगर पालिका के सीएमओ वैभव देशमुख से संपर्क कर वृद्ध जन पार्क नेहरू पार्क नगर की सड़कों पर हो रही खुदाई के कारण दल दल और स्ट्रीट लाइट बंद रहती है उस पर सुधार आदि पर चर्चा की। यह चर्चा बहुत ही सार्थक एवं नगर के सौंदर्यीकरण में एक मील का पत्थर साबित होगी। प्रतिनिधि मंडल में वसंत दुबे राजीव खरे घनश्याम साहू डॉ प्रदीप जैन राजेश चौरे के के ठाकुर द्वारा राजेंद्र ठाकुर अनूप दुबे राजेंद्र ठाकुर चंद्रशेखर ठाकुर पंकज बरगले शामिल थे।

# प्रायवेट अस्पताल, जिम, कोचिंग और बैंको के सामने लगता है जाम

## घंटों खड़े रहते हैं वाहन, शहरवासी होते हैं परेशान

नर्मदापुरम (निप्र)। शहर में अनेक स्थानों पर संचालित प्रायवेट अस्पतालों, नर्सिंग होम, जिम, कोचिंग और बैंको के सामने प्राय- हर कभी जाम की नौबत लग रही है। प्रसानिक अधिकारियों को इस बात से कोई लेना देना नहीं। इन संस्थाओं के मालिकों को कमाई से मतलब है। शहरवासी वाहनों के सड़कों पर ही खड़े रहने से आवागमन में होने वाली असुविधा से परेशान हैं।खासकर उस क्षेत्र के नागरिक व कॉलोनी वासी ज्यादा परेशान होते हैं। क्योंकि कालोनी के आसपास की कोचिंग, शहर के अनेक हिस्सों में खुलते जा रहे जिम और बैंक हैं जिनमें आने वाले लोगों से वाहनों का अंबार सड़क पर ही लग जाता है। उनके यहां आने वाले लोगों के वाहन इतनी अधिक संख्या में खड़े कर दिए जाते हैं कि शहरवासी और कॉलोनी वालों को निकलना मुश्किल होता है। इस संबंध में पूर्व में कॉलोनी वालों ने हंगामा कर चुके हैं। कॉलोनीवासियों से पुलिस ने सीएम हेल्प लाइन में की गई शिकायत को निराकृत करने के लिए लिखवाया था। लेकिन एक दो दिन बाद फिर समस्या यथावत हो गई। देखा जा सकता है कि बड़ी संख्या में वाहन रास्ते में ही खड़े रहते हैं।

### एम्बूलेंस, फायर बिग्रेड और कचरा वाहनों को दिक्कत

लोगों का कहना है यहां पर बीमार होने पर एम्बूलेंस, नहीं आ सकती। फायर विग्रेड नहीं आ पाती है। इतना ही नहीं नपा की कचरा कलेक्शन करने वाली गाड़ी भी नहीं आ पाती है जिससे हमें रोज परेशानी हो रही है।

## 20 अगस्त को जिला मॉनिटरिंग समिति की बैठक, सांदीपनी-पीएमश्री स्कूलों की होगी समीक्षा

नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर नर्मदापुरम सोमेश मिश्रा की अध्यक्षता में जिले में संचालित सांदीपनी, पीएमश्री, उत्कृष्ट एवं मॉडल विद्यालयों के कार्यों की समीक्षा के लिए जिला मॉनिटरिंग समिति की बैठक 20 अगस्त 2026 को दोपहर 3:00 बजे से कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा सांदीपनी विद्यालयों में अन्य विद्यालयों के मर्ज होने की स्थिति, स्कूलों में उपलब्ध अधोसंरचना, विद्यार्थियों के नामांकन, निर्माण कार्यों, सांदीपनी विद्यालय निर्माण, परिवहन की व्यवस्था एवं अन्य विषयों की समीक्षा करेंगे।

## कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार ब्लॉक स्तर पर भी लगेंगे हर शुक्रवार को शिविर

नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदापुरम जिले के सिवनी मालवा विकासखंड में मध्य प्रदेश शासन के 'मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान' के तहत आम जनता को घर-द्वार पर शासन की लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने के लिए जिला कलेक्टर सोमेश मिश्रा के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में एसडीएम विजय राय द्वारा सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की बैठक आयोजित कर प्रत्येक शुक्रवार को सिवनी मालवा ब्लॉक के ग्रामों में शिविर आयोजित किए जाने तथा विभागीय योजनाओं की जानकारी वहां के नागरिकों और दिए जाने तथा योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिए जाने संबंधी निर्देशित किया गया इसी संदर्भ में एसडीएम सिवनी मालवा द्वारा आगामी दो महीनों हेतु हर शुक्रवार को आयोजित होने वाले विकासखंड स्तरीय विशेष कैंपों का रोस्टर जारी कर दिया गया है, जिसके अंतर्गत ब्लॉक स्तर पर भी प्रत्येक शुक्रवार को शिविर लगाए जाएंगे।इन विशेष शिविरों के माध्यम से नागरिकों के विभिन्न आवेदन लेने के साथ ही पात्र हितग्राहियों के नाम जोड़ने की कार्रवाई मौके पर ही सुनिश्चित की जाएगी और शिविर स्थल पर ही स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन करने के साथ-साथ ई-केवाईसी, फार्मर रजिस्ट्री, आभा कार्ड, आयुष्मान कार्ड, समग्र ई-केवाईसी और फूड ई-केवाईसी जैसी सभी महत्वपूर्ण तकनीकी गतिविधियां भी पूर्ण कराई जाएंगी, ताकि क्षेत्रवासी स्थानीय स्तर पर एक ही स्थान पर इन सभी योजनाओं का त्वरित लाभ प्राप्त कर सकें। और उन्हें किसी भी प्रकार सरकारी दफ्तरों के चक्कर न लगाने पड़े। कलेक्टर नर्मदापुरम ने बताया कि जिले के सभी ब्लॉकों में भी इसी तर्ज पर जिला स्तरीय कैंप के साथ विकासखंड स्तरीय कैंप भी आयोजित किए जाएंगे जिससे जनता को शासन की लोक कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिल सके साथ ही जनता और शासन - प्रशासन के मध्य सीधा संवाद स्थापित हो सके।

# नमामि देवी नर्मदे संस्कार कावड़ यात्रा एक प्रेरणा जो बनी परम्परा

### दादागुरु के प्रकृति पर्यावरण व जल संरक्षण संवर्धन का नवाचार, अब नर्मदापुरम में भी लेगा वृहद आकार.... 22 अगस्त 2026 को कावड़िये देंगे प्रकृतिमयी शिव आराधना का संदेश

नर्मदापुरम (निप्र)। शिव की सगुण उपासना, राष्ट्र आराधना के साथ धरा का हरित श्रृंगार दादागुरु का एक विचार है ,यह एक प्रेरणा है जो वर्तमान में जन जन का अभियान बन रही है। दादागुरु कहते है कि शक्तियां प्रत्यक्ष है जो माँ नर्मदा,मां गंगा जैसी पवित्र नदियों, गौ,प्रकृति,धरा,पर्वतों आदि के रूप में हमें सहज प्राप्त हैं। दादागुरु यह भी कहते हैं कि वृक्ष ही प्रत्यक्ष है, शिव स्वरूप है । शिव की सगुण उपासना देव वृक्षमूर्तियों की पूजन, स्थापना में निहित है। यदि हमें शिव आराधना व शिव अभिषेक करना है तो जीवनशक्ति अर्थात जल को धारण करने वाले वृक्षों को भी स्थापित करना होगा तभी हमारी शिव साधना पूर्ण होगी। विगत 6 वर्षो से अखंड निराहार महाव्रत करके, देश दुनिया को सनातन की जीवंत शक्ति का परिचय देने वाले दादागुरु ने अपना सम्पूर्ण जीवन हमारे जीवन आधारों के संरक्षण समवर्धन के लिए समर्पित किया,उन्हीं ने विचार दिया कि आज जरूरत है.. पर्व परम्पराओं में पुनः प्रकृति की स्थापना की, जो हमारी संस्कृति का मूल ध्येय रहा है। इसी विचार को आत्मसात कर जबलपुर में दादागुरु भगवान के मार्गदर्शन ओर सानिध्य में विगत 15 वर्षो से आयोजित की जा रही है.. गोल्ड़न बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज विश्व प्रसिद्ध संस्कार कावड़ यात्रा जिसे दादागुरु ने नाम दिया है - रन फॉर नेचर।

जिसमे दादागुरु के आदर्श चिंतन को आत्मसात कर लाखों कावड़िये कावड़ में एक तरफ माँ नर्मदा का जल और दूसरी तरफ शिव स्वरूप देववृक्ष को रखते हैं क्योंकि दादागुरु भगवान कहते हैं कि कावड़ श्रवण कुमार की मातृ पितृ भक्ति को समर्पित है। इसलिए कावड़िए उसी भाव के साथ कावड़ धारण करते हैं ,फिर कावड़ लेकर गौरी घाट से मटामार तक 35 किमी चलते हैँ। कावड़िये कैलाशधाम में शिवाभिषेक करने के पश्चात देव वृक्षों की स्थापना करते है। जिसके सुखद परिणाम आज अनेकों जगह वनों के रूप में लहलहा रहे हैँ।

15 वर्ष पूर्व दिए गए इसी विचार ने जबलपुर की संस्कार कावड़ यात्रा को इतना भव्य रूप प्रदान किया कि आज लगभग 200000 (दो लाख ) कावड़िये धरा को हरा करने के संकल्प के साथ चलते है।

### कावड़ यात्रा शिव साधना का सहज योग

कावड़ को धारण करना धर्म को धारण करना है। कावड़ प्रत्येक कावड़िये को प्रेम, श्रद्धा, समर्पण के साथ राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध करवाती है।यह यात्रा सगुण उपासना ओर सेवा का महायोग है।यह यात्रा दादागुरु भगवान की प्रेरणा से बनी एक आदर्श दिव्य परम्परा है। 22 अगस्त विवेकानंद घाट से काले महादेव समय दोपहर 2 बजे से शुरू होगी।

## भवन विहीन विद्यालयों के लिए भवन व्यवस्था होगी

### स्कूल शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए व्यापक कार्ययोजना तैयार

नर्मदापुरम (निप्र)। प्रदेश में स्कूल शिक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण एवं सुविधायुक्त बनाने के लिए बैठक कर व्यापक विचार-विमर्श कर कार्ययोजना तैयार की गई है। कार्ययोजना के प्रभावी क्रियान्वयन से आने वाले समय में प्रदेश की स्कूली शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे। प्रदेश में विद्यार्थियों को सर्वसुविधायुक्त शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए सांदीपनि विद्यालयों के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसी क्रम में ऐसे विद्यालयों को भी चिन्हित किया गया है, जो भवन विहीन हैं अथवा जिनकी कक्षाएं अन्य विद्यालयों के भवन में संचालित हो रही हैं। इन विद्यालयों के लिए आवश्यकतानुसार भवन व्यवस्था सुनिश्चित की जा टूगी।

## व्हाट्स ऐप चैटबॉट के माध्यम से अब किसान कर सकेंगे उर्वरक बुकिंग

नर्मदापुरम (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर किसानों की सुविधा के लिए किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग द्वारा उर्वरक बुकिंग के लिए व्हाट्स ऐप चैटबॉट सुविधा प्रारंभ की गई है। इस सुविधा के माध्यम से किसान सरल एवं सुविधाजनक तरीके से अपने मोबाइल से उर्वरक की बुकिंग कर सकेंगे।किसान आधिकारिक WhatsApp Business (W A B A) नंबर पर "Help" या "Fertilizer" लिखकर सेवा प्रारंभ कर सकते हैं।

**उर्वरक बुकिंग की सरल प्रक्रिया**

1. किसान WhatsApp पर "Help" या "Fertilizer" लिखकर चैट शुरू करेगा।
2. किसान अपना पंजीकृत आधार नंबर दर्ज करेगा।
3. आधार का सत्यापन होने के बाद पंजीकृत मोबाइल नंबर पर O T P प्राप्त होगा।
4. O T P दर्ज करने पर किसान का प्रोफाइल विवरण प्रदर्शित होगा।
5. किसान अपनी भूमि का विवरण देखकर संबंधित जिले का चयन करेगा।
6. पात्र भूमि/खसरा के विरुद्ध फसल का चयन कर विवरण सुरक्षित करेगा।
7. किसान उर्वरक का प्रकार, उर्वरक एवं आवश्यक मात्रा का चयन करेगा।
8. किसान ब्लॉक, रिटेलर, कंपनी एवं पात्र उठाव तिथि का चयन करेगा।
9. सिस्टम उपलब्धता का सत्यापन कर Q R कोड युक्त उर्वरक टोकन जारी करेगा।
10. किसान को WhatsApp पर टोकन, रिटेलर, उर्वरक, उठाव तिथि एवं टोकन की वैधता की जानकारी प्राप्त होगी।यह सुविधा उर्वरक बुकिंग प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी एवं किसान-केंद्रित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे किसानों को उर्वरक बुकिंग के लिए कार्यालय अथवा अन्य स्थानों पर जाने की आवश्यकता कम होगी।

# जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक आयोजित

### जनगणना संबंधित कार्यों की हुई समीक्षा, समय-सीमा में प्रगति के निर्देश



नर्मदापुरम (ए.)। जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक बुधवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक में जनगणना से संबंधित विभिन्न कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।बैठक में अपर कलेक्टर राजेश शुक्ला, अपर कलेक्टर अनिल कुमार जैन, संयुक्त कलेक्टर एवं परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण नितिन टाले, उपसंचालक जनसंपर्क अरूण कुमार राठौर, जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी वी.एस. बिहारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी मनीष गुणवान, तथा जिला शिक्षा अधिकारी के प्रतिनिधि अरविंद तिवारी उपस्थित रहे।

तकनीकी सहायकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश

बैठक में निर्णय लिया गया कि जिन चार्ज अधिकारियों के पास तकनीकी सहायक उपलब्ध नहीं हैं, उन्हें सेडमैप के माध्यम से मानव संसाधन (तकनीकी सहायक) उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाए, ताकि जनगणना संबंधी कार्यों को सुचारू रूप से पूरा किया जा सके।बैठक में सभी 8 मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को प्राप्त राशि के उपयोगिता प्रमाण-पत्र निर्धारित प्रारूप में जिला जनगणना कार्यालय को प्रत्येक माह आगामी माह की 10 तारीख तक अनिवार्य रूप से भेजने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त राशि के उपयोग एवं संबंधित देयकों की जानकारी निर्धारित उपयोगिता प्रमाण-पत्र में दर्ज कर समय-सीमा में प्रस्तुत करें।जिला जनगणना हस्तपुस्तिका के कार्य की समीक्षा के दौरान छह तहसीलों में अपेक्षाकृत कम प्रगति पाए जाने पर समिति ने अप्रसन्नता व्यक्त की। इनमें सिवनी मालवा, इटारसी, नर्मदापुरम (ग्रामीण), बाबई, पिपरिया और शिवपुर तहसील शामिल हैं। समिति ने संबंधित तहसीलदारों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिन ग्रामों में अभी तक कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है, वहां 22 अगस्त 2026 तक अनिवार्य रूप से कार्य प्रारंभ करने तथा 25 अगस्त 2026 तक सभी तहसीलों एवं नगरपालिकाओं में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।बैठक में यह भी निर्देशित किया गया कि जिन चार्ज जनगणना अधिकारियों द्वारा अभी तक कंप्यूटर क्रय नहीं किए गए हैं, वे मध्यप्रदेश भंडारण क्रय नियमों का पालन करते हुए यथाशीघ्र आवश्यक कंप्यूटर क्रय करें। इससे जनगणना संबंधी कार्यों के संचालन एवं डाटा प्रबंधन में सुविधा होगी।

**कार्यालय प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश,नर्मदापुरम,(म.प्र.)**

फोन नं. 07574-292250, ई-मेल dcourthos-mp@nic.in

**//विज्ञप्ति//**

क्रमांक...../तीन-09-13/18 नर्मदापुरम दिनांक 17/08/2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को इस विज्ञप्ति के माध्यम से सूचित किया जाता है कि कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय, नर्मदापुरम मध्यप्रदेश के अनुपयोगी घोषित शासकीय वाहन क्रमांक MP-02, HC-0256 Tata Indigo (2012) का विक्रय खुली नीलामी के माध्यम से दिनांक 08.09.26 से 10.09.26 तक दोबारा किया जाना है।

अतः इस नीलामी/विक्रय की शर्तो के अधीन जो संस्था या व्यक्ति, शासकीय वाहन क्रमांक MP-02, HC-0256 Tata Indigo (2012) को क्रय करना चाहता है, वह दिनांक 08.09.26 से 10.09.2026 तक कार्यालयीन समय में प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 4.00 बजे तक जिला न्यायालय, नर्मदापुरम में आयोजित खुली नीलामी में भाग ले सकता है। नीलामी/विक्रय से संबंधित अन्य जानकारी अथवा वाहन का भौतिक अवलोकन नजारत अनुभाग, जिला न्यायालय, नर्मदापुरम में कार्यालयीन समय में सम्पर्क कर, किया जा सकता है।

नीलामी/विक्रय की शर्तें जिला न्यायालय, नर्मदापुरम की आधिकारिक वेबसाइट narmadapuram.dcourts.gov.in पर देखी जा सकती है।

सम्पर्क सूत्र : मो.नंबर : 9131448897
मो.नंबर : 7987276968

प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश
नर्मदापुरम, ( म.प्र. )

जी/17338/26

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com